## न्यूज ब्रीफ

### आबकारी सिपाही की मोटरसाइकिल चोरी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के सतरिख नाका चौराहे के पास से आबकारी विभाग में तैनात प्रधान आबकारी सिपाही की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि शशि प्रकाश वर्मा आबकारी विभाग बाराबंकी में प्रधान आबकारी सिपाही के पद पर तैनात हैं, की लाल रंग की हीरो सुपर स्प्लेंडर बाइक 30 अप्रैल की रात करीब 8 बजे सतरिख नाका चौराहे के पास से गायब हो गई। पीड़ित के अनुसार बाइक की डिग्गी में विभागीय सीयूजी मोबाइल फोन भी रखा था, जिसमें सरकारी व निजी दोनों सिम लगे हुए थे। मोबाइल चोरी होने से सरकारी कार्य प्रभावित हो रहा है। नगर कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

### नकदी और जेवर समेत हजारों की चोरी

**सूरतगंज, बाराबंकी :** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के ग्राम पारा में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए नगदी, जेवर और घरेलू सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम पारा निवासी बाल किशन मिश्रा पुत्र जगदीश मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 6 मई की रात करीब एक बजे अज्ञात चोर दीवार फांदकर छत के रास्ते घर में घुस आए। चोर घर में रखा स्मार्ट फोन, एक जोड़ी सोने के बाला, दो जोड़ी चांदी की पायल, करीब 60 हजार रुपये नकद, कपड़े, गैस सिलेंडर तथा दाल समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। सुबह घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

# हादसों में युवक समेत दो की मौत

सूरतगंज, देवा बाराबंकी

**अमृत विचार:** अलग-अलग जगहों पर हुए सड़क हादसों में गोण्डा से बाराबंकी भांजी की शादी में आए मामा समेत दो की मौत हो गई। मृत युवक एसएससी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। घटना के बाद शादी में छाई खुशियां मातम में बदल गईं। जानकारी के अनुसार पहली घटना मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के राममंडई गांव के बाहर हुई। यहां पर गुरुवार देर रात सड़क के किनारे स्कूटी के साथ 30 वर्षीय एक युवक का शव पड़ा देखा गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तो उसकी पहचान गोंडा जिला मोतीगंज थाना के शहजोरा निवासी सुजीत सिंह पुत्र बृजनंदन सिंह के रूप में हुई। बताया जा रहा कि सुजीत अपनी भांजी की शादी में राममंडई गांव आया हुआ था। जहां वह जीजा हुकुम सिंह की स्कूटी गाड़ी लेकर देर रात निकला था। आशंका है कि किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल सुजीत की मौके पर ही मौत हो गई। साले की मौत की खबर से शादी की खुशियां गम में बदल गईं। मृतक के बड़े भाई सुनील सिंह नें बताया कहा कि उसका छोटा भाई सुजीत एसएससी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। प्रभारी निरीक्षक वीर सिंह ने बताया कि प्रथमदृष्टया हादसे में मौत होना प्रतीत हो रहा है। माती थाना क्षेत्र के सरसौदी गांव के पास गुरुवार की रात पैदल जा रहे एक अधेड़ को टेंपो चालक ने टक्कर मार दी। घायल को जिला अस्पताल लाया गया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। थाना क्षेत्र के सरसौदी गांव निवासी संजय (45) पुत्र सर्वजीत गुरुवार की रात करीब 8:30 बजे गांव के पास भी पैदल जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार टेंपो चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल होगा। परिजनों की सहयोग से पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया।

### बेकाबू सांड़ का भिटरिया चौराहे पर आतंक

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी :** नगर पंचायत रामसनेहीघाट के भिटरिया चौराहे पर गुरुवार रात एक आक्रामक सांड ने जमकर आतंक मचाया। सांड ने राहगीरों और बाइक सवारों पर हमला कर दिया, जिससे बाजार में अफरातफरी मच गई। कई लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागे, जबकि कुछ लोग गिरकर घायल भी हो गए। बताया गया कि यह गोवंश कई दिनों से स्थानीय जनता और राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ था। लोगों के अनुसार सांड रेबीज़ बीमारी से ग्रसित प्रतीत हो रहा था, जिससे उसका व्यवहार लगातार आक्रामक होता जा रहा था। अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार चौधरी के निर्देश पर नगर पंचायत की टीम ने तत्काल अभियान चलाया और सांड़ को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

### पत्नी को अपने साथ मुंबई नहीं ले गया तो साले ने काटी नाक

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** सुबेहा थाना क्षेत्र में हुए एक घरेलू विवाद में पत्नी को मुंबई साथ न ले जाने पर पूरा मायका पक्ष एकत्र हो गया, वाद विवाद के बीच साले ने जीजा की नाक काट ली। इस मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम नीमामऊ मजरे पलिया निवासी अर्जुन कुमार ने न्यायालय को दिए पत्र में बताया कि उसका विवाह करीब तीन वर्ष पूर्व ग्राम बनकोटा किरसिया निवासी सुमन कनौजिया से हुआ था। अर्जुन के अनुसार वह मजदूरी के सिलसिले में मुंबई जाता रहा है। आरोप है कि उसकी पत्नी शहर में साथ रखने का दबाव बना रही थी, जिसको लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। आरोप है कि 22 फरवरी को पत्नी ने होली के बाद मुंबई साथ ले जाने की बात कही। मना करने पर उसने मायके फोन कर दिया। इसके बाद ससुर शिव नरायन, साले लवकुश, अशोक कुमार, प्रेमलाल व दो अज्ञात लोग चार मोटरसाइकिलों से उसके घर पहुंचे और मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि लवकुश ने दांत से उसकी नाक काट ली, जिससे गंभीर चोट आई। बीच-बचाव को पहुंचे परिजनों के साथ भी धक्का-मुक्की और घर में तोड़फोड़ की गई। बताया कि विपक्षियों ने दहेज उत्पीड़न के मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी।

### मेधावियों का सम्मान, मेडल और रिस्ट वॉच देकर बढ़ाया उत्साह

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** तहसील मुख्यालय स्थित ग्राम्यांचल इंटर कॉलेज में शुक्रवार को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शरद अवस्थी, शिवकुमार चतुर्वेदी, सरवर सिद्दीकी और प्रधानाचार्य प्रेम कुमार गुप्ता ने मेधावियों को मेडल, प्रतीक चिन्ह और उपहार स्वरूप रिस्ट वॉच देकर सम्मानित किया। हाईस्कूल में परी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, प्रिया कुमारी ने 87 प्रतिशत के साथ द्वितीय और मधुबाला ने 86 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट में ऋषभ गिरी ने 82प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, दर्शिका शुक्ला ने 81 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अक्षिता मिश्रा ने 80 .6 प्रतिशत और प्राची निर्मल ने 80 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस अवसर पर सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना भी की गयी। कहा गया कि बच्चों को कभी मेहनत से पीछे नहीं हटना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका कुसुम राठौर ने किया। इस अवसर पर सूर्यकुमार शर्मा, सौम्या शुक्ला, व्यापार मंडल उपाध्यक्ष शादाब खान, बीटीसी विभाग के प्रवक्ता विमल कुमार यादव, उप-प्रधानाचार्य देवी बख्श सिंह, अशोक कुमार यादव, सुलेखा सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# रक्तदाताओं व बच्चों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को सम्मानित करते एमएलसी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** विश्व रेडक्रॉस दिवस और विश्व थैलीसीमिया दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय एवं जिला महिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को फल व आवश्यक सामग्री वितरित की गई। मुख्य अतिथि एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने मरीजों का हालचाल जाना और सामग्री वितरित की। उनका स्वागत अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. डीके. श्रीवास्तव तथा रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह ने किया। ब्लड बैंक में रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया, वहीं थैलीसीमिया से पीड़ित बच्चों हमज़ा, अंश कुमार, शुभ, सुधांशु वर्मा, अर्श, तफसीन, करीमा और दानिश को उपहार देकर उत्साहवर्धन किया गया। बालाजी बचपन के प्रबंधक अंकुर माथुर ने कहा कि थैलीसीमिया से लड़ रहे बच्चों को प्रोत्साहन और जागरूकता दोनों जरूरी हैं। मुख्य अतिथि अंगद सिंह ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है। कार्यक्रम में हुमायूं नईम खान, आशीष वर्मा, दीपक जैन, राजेश अरोड़ा बब्बू, राजीव श्रीवास्तव, रत्नेश कुमार, एडवोकेट राजा सिंह, नेहा सिंह आनंद सहित कई लोग मौजूद रहे। केंद्रीय कार्यालय से प्राप्त प्रमाणपत्रों के साथ नीता अवस्थी, हरपाल सिंह, रोहिताश्व दीक्षित, बाबू लाल वर्मा और शत्रुहन लाल वर्मा को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एड. शशांक जायसवाल समेत छह लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में डॉ. राजीव सिंह, आफताब अंसारी, जेपी मौर्य, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. बीपी सिंह आदि रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत आज, कई वादों का होगा निस्तारण

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** जनपद न्यायालय परिसर सहित विभिन्न न्यायालयों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। लोक अदालत का शुभारंभ सुबह 10 बजे जनपद न्यायालय परिसर में जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बाराबंकी प्रतिमा श्रीवास्तव द्वारा किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह-समझौते के आधार पर वादों का त्वरित, सस्ता एवं सुलभ निस्तारण किया जाएगा। इसमें प्रीलिटिगेशन स्तर पर धारा 138 एनआई एक्ट, बैंक वसूली, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद, आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक एवं अन्य व्यवहारिक मामलों का निस्तारण होगा। इसके अलावा न्यायालयों में लंबित मामलों जैसे मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिका, भूमि अधिग्रहण, सेवा संबंधी प्रकरण, वेतन-भत्ता, सेवानिवृत्ति लाभ, राजस्व वाद तथा किरायेदारी, निषेधाज्ञा और विशिष्ट अनुतोष जैसे सिविल वादों का भी समाधान किया जाएगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बाराबंकी उज्ज्वल उपाध्याय ने जनपदवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लोक अदालत के माध्यम से अपने मामलों का निस्तारण कराने की अपील की है।

### एसपी ने ली साप्ताहिक परेड की सलामी



निरीक्षण के दौरान दिशा-निर्देश देते पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के पश्चात परेड का निरीक्षण किया गया। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने परेड की सलामी ली एवं पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ कराई, परेड और टोलीवार ड्रिल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिसकर्मियों का टर्न-आउट चेक किया गया और अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा यूपी-112 पीआरवी का निरीक्षण किया गया, वाहनों में मानक के अनुसार समस्त आपातकालीन उपकरण क्रियाशील रखने और वाहनों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आधार में मोबाइल नंबर बदल ले लिया फर्जी लोन

**बनीकोडर, बाराबंकी :** बरेली के सीएससी संचालक की मिलीभगत से आधार कार्ड में नंबर बदल बैंक में फर्जी खाता खोला गया। इसके बाद दो फाइनेंस कंपनियों से 33 हजार लोन ले लिया। इसकी भनक लगते ही आधार कार्ड स्वामी ने आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया है। असंद्रा थाना क्षेत्र के मिर्चिया गांव निवासी हिमांशु चौरसिया ने पुलिस को बताया कि 14 अप्रैल को उनकी अनुमति, बायोमेट्रिक सत्यापन और किसी आधार सेवा केंद्र पर उपस्थित हुए बिना उनके आधार कार्ड में मोबाइल नंबर बदल दिया गया। इसकी जानकारी होने पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित के अनुसार वह स्वयं सीएससी राज्य कार्यालय और यूआईडीएआई के क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ पहुंचा, जहां एसआरएन नंबर की जांच में पता चला कि मोबाइल नंबर परिवर्तन का कार्य बरेली के एक सीएससी संचालक सुमेश कुमार यदुवंशी द्वारा किया गया। आरोप है कि आधार में मोबाइल नंबर बदलने के बाद अज्ञात लोगों ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में उनके नाम से फर्जी खाता खोल लिया और उसी खाते के माध्यम से दो फाइनेंस कंपनियों से कुल 33,516 रुपये का लोन ले लिया। बताया कि सीएससी राज्य कार्यालय लखनऊ द्वारा 4 मई को संबंधित अभिलेख व जानकारी साइबर सेल की आधिकारिक ईमेल पर भेजी जा चुकी है।

### तमंचे के बल पर दंपति से लाखों के जेवर लूटे, ग्रामीणों को भी धमकाया

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार शाम बाइक सवार बदमाशों ने दंपति से तमंचे के बल पर लाखों रुपये के जेवर लूट लिए। वारदात के बाद इलाके में दहशत फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बदमाशों की तलाश में आसपास क्षेत्र में कांबिंग की, लेकिन देर रात तक कोई सुराग नहीं लग सका। कोतवाली क्षेत्र के बहुता गांव निवासी अरविंद मिश्रा अपनी पत्नी रश्मि मिश्रा के साथ अमेठी जिले के इन्हौना थाना क्षेत्र स्थित राजा फतेहपुर गांव से भंडारे में शामिल होकर बाइक से घर लौट रहे थे। शाम करीब साढ़े सात बजे गांव के पास एक तालाब के निकट पीछे से आए दो बाइक सवार बदमाशों ने ओवरटेक कर उनकी बाइक रोक ली। इसके बाद तमंचा दिखाकर दंपति से सोने का मंगलसूत्र, कान की बालियां और अरविंद की सोने की चेन लूट ली। इसी दौरान पड़ोसी गांव श्रीकृष्णापुर निवासी अरुण शुक्ला के दो पुत्र वहां पहुंच गए और विरोध करने का प्रयास किया, लेकिन बदमाशों ने उन पर भी तमंचा तान दिया। इसके बाद आरोपी बाइक से पीछे की ओर भाग निकले। घटना की सूचना मिलते ही सीओ समीर सिंह और कोतवाली प्रभारी अनिल पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में बदमाशों की तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका।

### कॉलेज गईं दो युवतियां लापता, रिपोर्ट दर्ज

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली असन्द्रा व फतेहपुर क्षेत्र में परीक्षा देने कॉलेज गई दो युवतियों अचानक लापता हो गईं। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली असन्द्रा क्षेत्र के रहने वाले पिता के अनुसार उनकी 19 वर्षीय पुत्री बीए फाइनल की छात्रा है। वह 6 मई को अपने भाई के साथ परीक्षा देने कॉलेज गई थी, लेकिन वापस घर नहीं लौटी। आरोप है कि भूपेन्द्र पंडित नामक युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। कोतवाली फतेहपुर क्षेत्र में पीड़ित पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री कक्षा नौ की छात्रा है। आरोप है कि रोहित सिंह नामक युवक ने उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। 6 मई की रात युवक ने फोन कर छात्रा को घर से जेवरात और नकदी लेकर बाहर बुलाया, जिसके बाद वह उसे अपने साथ लेकर फरार हो गया।

# महिला की मौत, सीएचसी पर गंभीर आरोप

रामनगर, बाराबंकी



सुमन।

**अमृत विचार:** सीएचसी में प्रसव के बाद हालत बिगड़ने पर कई अस्पताल चक्कर लगाने के बावजूद पहली बार मां बनी विवाहिता ने दम तोड़ दिया, हालांकि नवजात शिशु बिल्कुल स्वस्थ है। मृतका के मायके पक्ष को ससुराल से फिलहाल कोई शिकायत नहीं पर सीएचसी पर इलाज में लापरवाही का ठीकरा फोड़ा है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बिरजूपुरवा अहाता के रहने वाले अनिरुद्ध की बहन सुमन का विवाह पुरैना गांव के रहने वाले राममहेश के साथ गत वर्ष अप्रैल माह में हुआ था। गर्भवती होने पर सुमन अपने मायके चली आई थी। बुधवार की दोपहर दो बजे परिजन प्रसव पीड़ा होने पर सुमन को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामनगर लेकर पहुंचे। यहां पर प्रसव के बाद शिशु ने जन्म लिया। परिजनों का आरोप है कि ब्लीडिंग होने के बावजूद विवाहिता को अस्पताल से जबरन डिस्चार्ज कर दिया गया। वापस घर लाने पर देर रात करीब एक बजे सुमन की तबीयत बिगड़ने लगी। घबराए परिजन आनन फानन में उसे लेकर कस्बा स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। यहां रेफर होने के बाद उसे जिला मुख्यालय स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया पर वहां भी हालत बिगड़ने पर रेफर किए जाने के बाद हिन्द अस्पताल सफेदाबाद में भर्ती कराया गया। यहां पर गुरुवार की सुबह सुमन ने दम तोड़ दिया। नवजात शिशु परिजनों के पास है लेकिन जच्चा की मौत से वह सभी बेसुध हो गए। यह सुमन की पहली संतान थी। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव घर ले गए हालांकि वहां पहुंचे ससुराली जनों ने पुरैना गांव शव ले जाकर अंतिम संस्कार किया। मृतका के भाई अनिरुद्ध का कहना है कि सीएचसी रामनगर में इलाज के दौरान लापरवाही बरतते दो घंटे बाद ही बहन को डिस्चार्ज कर दिया गया, जबकि उसकी हालत ठीक नहीं थी। कहा कि शनिवार को वह सीएचसी के डाक्टरों के खिलाफ लिखित शिकायत करेंगे। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधीक्षक डा. प्रणव श्रीवास्तव ने बताया कि मरीज को जबरन डिस्चार्ज नहीं किया बल्कि परिजन ही उसे लेकर घर चले गए। सीएचसी स्तर पर कोई कमी नहीं रखी गई थी। उधर, चौकी इंचार्ज रजनीश पांडेय ने बताया कि प्रकरण जानकारी में है। शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बिना मान्यता संचालित स्कूलों पर कार्रवाई

**मसौली, बाराबंकी :** क्षेत्र में आरटीई 2009 के मानकों को दरकिनार कर चल रहे कई निजी विद्यालयों में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। खंड शिक्षा अधिकारी जैनेंद्र कुमार द्वारा की गई जांच में कई स्कूलों में मान्यता से अधिक कक्षाओं का संचालन और मूलभूत सुविधाओं की कमी पाई गई। मसौली चौराहे पर स्थित आनंद विहार कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा 1 से 5 तक की मान्यता होने के बावजूद नर्सरी से कक्षा 10 तक की पढ़ाई संचालित मिली। वहीं न्यू पब्लिक स्कूल और डिलाइट पब्लिक प्राइमरी स्कूल में भी मान्यता से अधिक कक्षाओं का संचालन पाया गया। आइडियल स्कूल मसौली में कक्षा 6 से 8 तक के मान्यता दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इसके अलावा बड़ागांव स्थित असादुल उलूम मदरसे में भी तहतानिया स्तर तक की मान्यता के बावजूद बेसिक शिक्षा परिषद की किताबों से पढ़ाई कराई जा रही थी और आवश्यक दस्तावेज मौके पर उपलब्ध नहीं मिले। जांच में कई विद्यालयों में पेयजल, शौचालय, अग्निशमन यंत्र और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की कमी भी उजागर हुई। बीईओ ने बताया मान्यता से अधिक कक्षाओं का संचालन करने वाले स्कूलों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है।



बच्चों को उपहार देते चांसलर व प्रो-चांसलर। अमृत विचार

### चांसलर व प्रो-चांसलर की मनाई वैवाहिक वर्षगांठ

**बाराबंकी, अमृत विचार :** श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय परिसर में शुक्रवार को विश्वविद्यालय के चांसलर इंजीनियर पंकज अग्रवाल और प्रो-चांसलर इंजीनियर पूजा अग्रवाल की 28वीं वैवाहिक वर्षगांठ मनाई गई। कार्यक्रम में कुलपति कर्नल (डॉ.) विजय कुमार तिवारी, रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) हेमेन्द्र शर्मा, छात्र कल्याण निदेशक प्रो. बी.एम. दीक्षित, प्रो. रितु चंद्रा, डॉ. आकांक्षा निगम, डॉ. नीरजा जिंदल, डॉ. अभिषेक सक्सेना, डॉ. वीना सिंह और इंस्टीट्यूट ऑफ मीडिया स्टडीज के निदेशक प्रो. (डॉ.) रजाउर रहमान सहित विभिन्न संकायों के डीन, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। इस दौरान सभी सदस्यों ने चांसलर और प्रो-चांसलर को वैवाहिक वर्षगांठ की शुभकामनाएं देते हुए उनके दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की। कार्यक्रम का समापन अनौपचारिक चाय संध्या के साथ हुआ, जहां विश्वविद्यालय को देश के अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों की श्रेणी में लाने के लिए सामूहिक संकल्प लिया गया।

### किराएदार पर फर्जी बैनामा कर लाखों रुपये हड़पने का आरोप

**रामनगर, बाराबंकी :** लोधेश्वर महादेवा कॉरिडोर निर्माण के लिए अधिग्रहित मकान के मुआवजे को लेकर नया विवाद सामने आया है। महादेवा मजरे लोधौरा निवासी सुनील कुमार अवस्थी ने किराएदार दिनेश कुमार बाजपेई पर फर्जी तरीके से बैनामा कर लाखों रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर न्याय की मांग की है। सुनील कुमार अवस्थी के अनुसार, वर्ष 2016 में उन्होंने ग्राम अमलोरा निवासी दिनेश कुमार बाजपेई को अपने मकान का एक कमरा किराए पर रहने के लिए दिया था। आरोप है कि महादेवा कॉरिडोर निर्माण की घोषणा के बाद किराएदार ने तहसील कर्मचारियों से मिलीभगत कर किराए वाले हिस्से को अपना पुस्तैनी मकान दिखाते हुए पर्यटन विभाग के नाम बैनामा कर दिया। पीड़ित का कहना है कि शिकायत के बाद ग्राम प्रधान और ग्रामीणों की मौजूदगी में समझौता हुआ था, जिसमें दिनेश कुमार बाजपेई ने ढाई लाख रुपये देने की बात स्वीकार की थी। लेकिन खाते में मुआवजे की रकम आने के बाद अब वह भुगतान से मुकर रहा है। ग्रामीणों ने भी मकान को सुनील कुमार अवस्थी का बताते हुए उनके साथ अन्याय होने की बात कही है। तहसीलदार विपुल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। समझौते के अनुसार पैसा दिलाया जाएगा।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर होंगे पोस्ट पेड

**नई व्यवस्था लागू**

**बाराबंकी, अमृत विचार:** प्रदेश सरकार की पहल पर उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने आरडीएसएस योजना के तहत लगाए गए सभी स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को पोस्टपेड मोड में बदलने का निर्णय लिया है। अधीक्षण अभियंता विद्युत राजबाला ने बताया कि मई की बिजली खपत का बिल जून में पोस्टपेड प्रणाली से जारी किया जाएगा। उपभोक्ताओं को हर माह 10 तारीख तक एसएमएस और व्हाट्सएप के माध्यम से बिल उपलब्ध कराया जाएगा। तकनीकी समस्या होने पर 5 तारीख तक मैनुअल रीडिंग लेकर समय से बिल जारी होगा। उन्होंने बताया कि नए बिजली कनेक्शन अब स्मार्ट मीटर के जरिए पोस्टपेड मोड में ही दिए जाएंगे। पूर्व में समायोजित सुरक्षा धनराशि को कॉस्ट डाटा बुक 2026 के अनुसार पुनर्निर्धारित कर जून से तीन मासिक किस्तों में जोड़ा जाएगा। घरेलू उपभोक्ताओं को 30 अप्रैल तक के बकाये के भुगतान के लिए 10 आसान किस्तों की सुविधा मिलेगी, जबकि अन्य श्रेणी के उपभोक्ता तीन किस्तों 40-30-30 फासदी में बकाया जमा कर सकेंगे। स्मार्ट मीटर संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए 15 मई से 30 जून तक अधिशासी अभियंता एवं उपखंड कार्यालयों में विशेष कैंप लगाए जाएंगे। उपभोक्ता सहायता के लिए टोल-फ्री नंबर जारी किया गया है। वहीं मोबाइल नंबर अपडेट न होने पर उपभोक्ता मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के व्हाट्सएप चैटबॉट नंबर पर संयोजन संख्या भेजकर बिल प्राप्त कर सकेंगे। वहीं जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने निर्देश दिया कि जिले में नई व्यवस्था का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराया जा रहा है और अधिकारियों को समयबद्ध बिल वितरण व शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं।

### प्रताड़ित होकर युवक ने पीया था जहरीला पदार्थ

**सफदरगंज, बाराबंकी :** थाना क्षेत्र में करीब तीन साल पहले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि लगातार प्रताड़ना के चलते युवक ने जहरीला पदार्थ पी लिया। जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम करन्द निवासी नन्हेलाल ने तहरीर देकर बताया कि उनका पुत्र मोहित वर्ष 2021 में ग्राम पण्डरी निवासी क्रान्ति पुत्री त्रिलोकी से प्रेम विवाह कर अपने ससुराल में रह रहा था। आरोप है कि क्रान्ति, उसका भाई सर्वेश कुमार तथा बहन सुनीता मोहित को लगातार प्रताड़ित करते थे, जिससे वह काफी परेशान रहने लगा था। तहरीर में कहा गया है कि एक जून 2023 को उन्हे सूचना मिली कि मोहित गांव के एक खेत में बेहोशी की हालत में पड़ा है। मौके पर पहुंचने पर उसके मुंह से झाग निकलता दिखा। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान 6 जून 2023 की शाम उसकी मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम लखनऊ में कराया गया। पिता ने आरोप लगाया कि प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर उसके बेटे ने शराब के साथ कोई जहरीला पदार्थ पी लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सर्वेश कुमार, क्रान्ति और सुनीता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**उत्साह** नगर पंचायत चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी की मौजूदगी में भरा गया फॉर्म

# रामसनेहीघाट में जनगणना अभियान शुरू

रामसनेहीघाट, बाराबंकी



कार्यक्रम के दौरान मौजूद चेयरमैन व ईओ। अमृत विचार

**अमृत विचार:** नपं रामसनेहीघाट कार्यालय में शुक्रवार को जनगणना अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर पंचायत चेयरमैन डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव और अधिशासी अधिकारी (ईओ) संतोष कुमार चौधरी की मौजूदगी में जनगणना फॉर्म भरकर की गई। इस अवसर पर चेयरमैन डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव ने कहा कि जनगणना देश के विकास और सरकारी योजनाओं की आधारशिला होती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सही जानकारी देकर जनगणना कार्य में पूरा सहयोग करें, ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंच सके। कार्यक्रम में नगर पंचायत कर्मचारी, सभासद एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। अभियान के शुभारंभ के साथ ही नगर पंचायत परिसर में जागरूकता का माहौल देखने को मिला।

**जनगणना को लेकर दी गई जानकारी: मसौली:** स्थानीय ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को जनगणना के लिए स्व-गणना प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने की, जबकि एडीओ पंचायत संजीव कुमार और क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक स्वामीदीन सोनी ने भी प्रतिभागियों को जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ग्राम विकास अधिकारियों, ग्राम सचिवों और तकनीकी सहायकों को स्व-गणना की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि भारत सरकार ने जनगणना 2027 को अधिक सटीक और आधुनिक बनाने के लिए स्व-गणना की सुविधा शुरू की है, जिसमें लोग मोबाइल से घर बैठे जानकारी दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिए 7 मई 2026 से 21 मई 2026 तक की अवधि निर्धारित की गई है।

# आईजीआरएस शिकायत निस्तारण में तहसील फतेहपुर प्रदेश में नंबर वन

**फतेहपुर, बाराबंकी :** मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित और संतोषजनक निस्तारण में तहसील फतेहपुर ने प्रदेश स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। शासन द्वारा जारी रैंकिंग में तहसील फतेहपुर को पूरे उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि से तहसील प्रशासन में खुशी का माहौल है। शासन स्तर से जारी रैंकिंग में शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण, शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि और लंबित मामलों की न्यूनतम संख्या को आधार बनाया गया। इन सभी मानकों पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए तहसील फतेहपुर ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया। तहसील प्रशासन द्वारा राजस्व, प्रमाण पत्र, भूमि विवाद, वरासत, पैमाइश, कब्जा, सामाजिक योजनाओं समेत अन्य जनसमस्याओं से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जा रहा था। अधिकारियों की नियमित मॉनिटरिंग, कर्मचारियों की सक्रियता और शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद की व्यवस्था का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। तहसीलदार वैशाली अहलावत ने इस उपलब्धि का श्रेय पूरी टीम को देते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का पारदर्शी और समयबद्ध समाधान कराने का लगातार प्रयास किया जा रहा है।

### 66 ग्राम मारफीन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** कोतवाली पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को 66 ग्राम अवैध मारफीन व एक आल्टो कार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पूछताछ में पिकअप और बाइक चोरी की घटनाएं भी कबूल की है। पुलिस के अनुसार अतिरिक्त निरीक्षक शैलेश यादव चेकिंग कर रहे थे। मुखबिर से सूचना मिली कि शिवरतनगंज से नैनखेड़ा रोड की ओर एक आल्टो कार में अवैध मारफीन लेकर एक व्यक्ति जा रहा है। पुलिस टीम ने नैनखेड़ा तिराहे के पास घेराबंदी कर कार को रोक लिया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम मोहम्मद अरबाज उर्फ शहजाद पुत्र बादशाह खान निवासी अमेठी बताया। तलाशी के दौरान कार की डिग्गी से पन्नी में रखी 66 ग्राम अवैध मारफीन बरामद हुई। पुलिस ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 530 रुपये नकद भी बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह मारफीन लखनऊ बेचने जा रहा था। आरोपी ने यह भी स्वीकार किया कि उसने मार्च माह में हैदरगढ़ क्षेत्र से एक पिकअप वाहन चोरी किया था। इसके अलावा रायबरेली के हरचंद्रपुर क्षेत्र से एक अपाची बाइक चोरी करने की बात भी कबूली है।

### चोरी की ट्रॉली समेत दो चोर गिरफ्तार

**देवा, बाराबंकी :** पुलिस टीम ने दो चोरों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चोरी की एक ट्राली व घटना में प्रयुक्त एक ट्रैक्टर व मोटरसाइकिल बरामद की। टीम द्वारा विपिन कुमार यादव पुत्र गौरी शंकर निवासी रामपुर थाना देवा, आलोक सिंह पुत्र राजेश सिंह निवासी रामपुर थाना परसपुर जनपद गोन्डा को ग्राम सिपहिया चिनहट रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि अभियुक्तों द्वारा थाना देवा क्षेत्रान्तर्गत रसूलपुर से एक लोहे की ट्राली चोरी किया था।

## न्यूज ब्रीफ

### घर का ताला तोड़कर जेवर व नकदी चोरी

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम समसपुर में बीती रात चोरों ने घर के मुख्य गेट और कमरे का ताला तोड़कर लाखों के जेवर और नकदी चोरी कर ली। पीड़ित पूजा पुत्री मेवालाल के अनुसार चोरों ने बक्से में रखे जेवरात, 30,000 नकद रुपये और करीब 10 कुंतल गेहूं चोरी कर लिया। पीड़िता ने श्यामू सिंह, सुनील और विजय पर चोरी का संदेह जाहिर किया है। बताया कि पूछने पर आरोपियों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### दबंगों ने युवक को पीटा तीन पर केस दर्ज

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में कार सवार दबंगों द्वारा स्कूटी सवार युवक को पीटकर मरणासन्न करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की पत्नी की तहरीर पर तीन नामजद समेत कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। कंचन नगर ए निवासी रविशंकर यादव गुरुवार रात करीब 10 बजे स्कूटी से आजाद नगर गए थे। इसी दौरान आजाद नगर के पास कार चालक राजकुमार ने वाहन बैक करते समय उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। विरोध करने पर आरोपी राजकुमार ने अपने साथियों आकाश रावत, विशाल और अन्य अज्ञात लोगों के साथ मिलकर गाली-गलौज करते हुए रविशंकर पर हमला कर दिया। आरोप है कि दबंगों ने नुकीली वस्तु से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां हालत नाजुक होने पर उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार उसकी स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है।

# पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के बेटे व भाजपा नेता की दुर्घटना में मौत

## दोस्त की बहन के तिलक समारोह से लौटते वक्त खाई में गिरी थार

संवाददाता, हरदोई, मल्लावां



खाईं में गिरी थार और प्रशांत की फाइल फोटो (इनसेट में)।

**अमृत विचार।** दोस्त की बहन के तिलक से वापस लौट रहे कन्नौज के पूर्व ज़िला पंचायत अध्यक्ष के बेटे व भाजपा नेता प्रशांत त्रिपाठी की थार कार खाईं में जा गिरी, जिससे उनकी मौत हो गई, जबकि कार सवार पांच लोग ज़ख्मी हो गए, जिन्हें कन्नौज में भर्ती कराया गया है। शनिवार की आधी रात हुए हादसे की खबर से कन्नौज में कोहराम बरपा हो गया। पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है।

कन्नौज ज़िले के जसोदा कस्बा निवासी और पूर्व ज़िला पंचायत अध्यक्ष गोपाल त्रिपाठी के इकलौता पुत्र प्रशांत त्रिपाठी (30) भाजपा उपाध्यक्ष थे। गुरुवार को प्रशांत त्रिपाठी के दोस्त जसोदा कस्बा निवासी शुभम तिवारी की बहन का तिलक था। उसी में शामिल होने के लिए प्रशांत, शुभम तिवारी के अलावा जसोदा कस्बा निवासी दोस्तों विकास पाण्डेय, बादल तिवारी, अमन तिवारी और पाण्डेय पुरवा निवासी निशांत अग्निहोत्री के साथ सीतापुर के सिंधौली गए हुए थे। समारोह में शामिल होने के बाद सभी देर रात प्रशांत त्रिपाठी के साथ उसकी कार से वापस लौट रहे थे। आधी रात में माधौगंज-कन्नौज रोड पर मटियामऊ के पास पहुंचते ही अचानक से एक गाड़ी सामने से आ गई। उसे बचाने में भाजपा नेता की कार खाईं में जा गिरी। जिससे उस पर सवार सारे लोग घायल हो गए। जिन्हे एम्बुलेंस-108 से कन्नौज के ज़िला अस्पताल पहुंचाया गया। वहां से भाजपा नेता प्रशांत त्रिपाठी और शुभम तिवारी को कानपुर के रीजेंसी हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। जहां प्रशांत की मौत हो गई। इकलौते बेटे की मौत की खबर सुनते ही पूर्व ज़िला पंचायत अध्यक्ष बेहोश हो गए। घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। प्रशांत त्रिपाठी के परिवार में पत्नी मानसी और चार साल की बेटी कनिका है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

### पति सहित छह पर दर्ज कराया मुकदमा

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के मोहल्ला पठकाना निवासी विवाहिता ने पति सहित छह लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न कर घर से निकाल देने की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। थाना लोनार के ग्राम विमकुला निवासी पीड़िता शैलजा गुप्ता पुत्री बांके लाल गुप्ता के अनुसार उसका विवाह शाहाबाद कस्बे के मोहल्ला पठकाना निवासी नवीनचंद्र गुप्ता पुत्र गंगा सागर के साथ हुआ है। उसके दो पुत्रियां हैं। इसी बात को लेकर उसका पति, ससुर, सास रामकाती, देवर नीरज गुप्ता, ननद शिल्पी और ममता उसके साथ मारपीट करते हैं। 10 अप्रैल को आरोपियों द्वारा मारने पीटने से उसकी हालत ख़राब हो गई। 2 मई को उसे काफ़ी मारा पीटा गया तो उसके पिता ने 1090 पर फोन कर पुलिस को बुलाया। पुलिस द्वारा बिना ज़ेवर के पहने हुए कपड़ों में उसे पिता के साथ भिजवाया गया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

## अलग-अलग दुर्घटनाओं में बाइक सवार 3 लोग घायल

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई



प्रतीकात्मक फोटो।

**अमृत विचार।** शाहाबाद कोतवाली के बासित नगर मार्ग पर भदासी सेंटर के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरो ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार घायल हो गया। घायल बाइक सवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जलालाबाद के मकटोरा निवासी अवधेश सिंह पुत्र लटूरी सिंह बाइक से गुरुवार को रात्रि 9:00 बजे शाहाबाद थाना क्षेत्र के फिरोजपुर गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने आ रहे थे। वह जैसे ही भदासी सेंटर के पास पहुंचे । पीछे से आ रही है तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरो ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गये। घायल को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सा अधिकारी ने बताया प्राथमिक उपचार के बाद घायल को हरदोई रेफर किया गया। दूसरी घटना कोतवाली के नगरिया मोड़ के पास तेज रफ्तार दो बाइक आपस में टकरा गई, जिससे एक बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी शाहाबाद में भर्ती कराया गया। विनोद कुमार सिंह पुत्र नरेश सिंह और अर्पित सिंह पुत्र संतोष कुमार सिंह निवासी सैदपुर बाइक से गुरुवार को रात्रि 8:00 बजे शाहाबाद की ओर आ रहे थे। नगरिया मोड़ के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से टकरा गए जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार चल रहा है।

## युवक की मौत के मामले में पत्नी सहित चार पर रिपोर्ट

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के ग्राम लोनी में 29 मार्च को संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खाने से हुई युवक की मौत के मामले में पिता की तहरीर पर पुलिस ने पत्नी सहित चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। शाहजहांपुर जनपद के अल्लाहगंज थाना के ग्राम कोचला ज्ञानपुर निवासी श्रीकृष्ण के अनुसार उसके पुत्र का विवाह कोतवाली शाहाबाद के ग्राम लोनी निवासी आशा पुत्री रामपाल के साथ 14 अप्रैल 25 को हुआ था। उसके बाद कुछ मन मुटाव के चलते रामपाल ने अपनी पुत्री को विदा करने से इंकार कर दिया। 29 मई को उसका पुत्र अपनी पत्नी को विदा कराने लोनी आया था। विपक्षी रामपाल ने पुत्री आशा, पत्नी और मझवा शिशुपाल ने मिलकर विदा करने से मना करते हुए उसके पुत्र को प्रताड़ित किया जिससे आहत होकर उसने रात को करीब 8 बजे जहर पी लिया। विपक्षी उसके पुत्र को सीएचसी ले गए जहाँ से इलाज के लिए शाहजहांपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया। शाहजहांपुर जिला अस्पताल में उसके पुत्र की मौत हो गई।

### मृत गोवंश का किया अंतिम संस्कार

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** नगर के चौक मोहल्ले में बीमारी से मृत हुए गोवंश का विहिप कार्यकर्ताओं ने अंतिम संस्कार करवाया। विश्व हिंदू परिषद के नेता अमन सिंह चौहान को सूचना मिली कि चौक मोहल्ले में एक गाय बीमारी के चलते मृत हो गई है। अमन सिंह चौहान मौके पर पहुंचे और तत्काल अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को सूचित किया। उसके बाद उन्होंने बजरंग दल के संयोजक लवकुश राठौर, रजनीश सक्सेना एवं अन्य कार्यकर्ताओं को बुलाया और स्वयं मृत गोवंश को पालिका परिषद द्वारा भेजे गए पिकअप डाले में लदवाकर और उसका अंतिम संस्कार करवाया।

## स्कूल कर्मचारियों के लिए हुई प्रतियोगिताएं

संवाददाता, हरदोई



प्रतियोगिताओं में विजयी होने पर पुरस्कृत कर्मचारियों के साथ प्रधानाचार्य मौसमी चटर्जी। अमृत विचार

- म्यूजिकल चेयर और टग ऑफ वार प्रतियोगिताओं से गूंजा सेंट जेवियर्स हाईस्कूल

**अमृत विचार।** सेंट जेवियर्स हाईस्कूल में विद्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों, बस चालकों और क्लीनर्स के लिए विभिन्न मनोरंजक एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों को सम्मान देना और उनके बीच उत्साह व टीम भावना को बढ़ावा देना रहा।

म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में राजेश शाह ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि पवन दूसरे और कमलेश तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में सुनीता विजेता रहीं, रेनू ने दूसरा तथा रूबी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं टग ऑफ वार प्रतियोगिता में चार टीमों ने भाग लिया, जिसमें टीम ए ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की, जबकि टीम डी उपविजेता रही।

प्रतियोगिता के समापन पर विजयी प्रतिभागियों को प्रधानाचार्या मौसमी चटर्जी ने पुरस्कार और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार ने सभी कर्मचारियों के योगदान की सराहना की और उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य पी.सी. जोशी, हेड मिस्ट्रेस पल्लवी गुप्ता सहित खेल प्रशिक्षक अहमद, जे.पी. बिष्ट, विनय सिंह राठौर, शिव श्याम शुक्ला, अर्जुन यादव, रिंकी, बुस्तरा और अमर रंजन रॉय मौजूद रहीं।

## बेटी के विवाह से ठीक पहले पिता ने लगाई फांसी

संवाददाता, हरदोई



प्रमोद की फाइल फोटो।

- 14 मई को आनी है बड़ी बेटी की बारात
- दहेज के लिए सामान खरीद कर जमा कर रहा था युवक

**अमृत विचार।** 14 मई को बेटी की बारात आनी है, बेटी का पिता शुक्रवार को दूल्हे को दहेज़ में देने के लिए बाइक खरीद कर लाया। कुछ देर बाद छप्पर के नीचे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

टड़ियावां थाने के भौरजा गांव निवासी प्रमोद (36) पुत्र झब्बू के परिवार में पत्नी कल्पना के अलावा बड़ी बेटी मानसी और उससे छोटे दो बेटे हैं। प्रमोद ने मानसी की शादी बेनीगंज कोतवाली के महीनकुंड से तय की थी। 14 मई को बारात आनी है। भाई राजेश ने बताया कि प्रमोद बेटी को दहेज़ में देने के लिए सामान खरीद कर घर में इकट्ठा कर रहा था। गुरुवार को उसने मांग के मुताबिक बाइक भी खरीद ली थी। शुक्रवार की सुबह पड़ोस में गई उसकी पत्नी कल्पना कुछ देर बाद जब लौटी तो पति का शव कमरे के बाहर छप्पर के नीचे फांसी पर लटकता पाया। बेटी की विदाई से पहले पिता के इस कदम से हर होई सन्न रह गया। विवाह की खुशियां मातम में बदल गईं। फिलहाल आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी थी।

### कमरे में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**हरदोई, अमृत विचार।** शाम को परिजनों के साथ खाना खाने के बाद युवक कमरे में सोने चला गया। अगली सुबह उसका शव फंदे से लटका मिला। पुलिस दरवाज़े तोड़ कर शव बरामद किया। कोतवाली देहात के पूरा बहादुर निवासी 20 वर्षीय विकास पुत्र रामकुमार तीन भाइयों में एक बड़ा और दूसरा उससे छोटा है, उसकी एक बड़ी बहन भी है। विकास की शादी नहीं हुई थी, मां-बाप भी नहीं है। विकास के बड़े भाई सुधांशु ने बताया बुधवार की शाम को सारे घर वालों के साथ बैठकर खाना खाया। उसके कुछ देर बाद थका होने की बात कहते हुए सोने के लिए अपने कमरे में चला गया। गुरुवार की सुबह काफी देर तक दरवाज़ा नहीं खुला तो उसे आवाज़ दी गई, लेकिन उसका कोई जवाब न आने पर कमरे में झांक कर देखा गया, जहां विकास का शव पंखे में रस्सी के फंदे से लटका रहा था। विकास ने ऐसा कदम क्यों उठाया ? इसका पता लगाने के लिए पुलिस गहराई से जांच कर रही है।



### नशे में धुत दंपति ने सड़क पर किया हंगामा

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** नगर के लखनऊ रोड चौराहे पर गुरुवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई जब नशे में धुत एक दंपति ने बीच सड़क हाईवोल्टेज ड्रामा शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते गाली-गलौज व चीख-पुकार में बदल गया। सरेआम हो रहा हंगामा देखने के लिए राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। इससे यातायात बाधित रहा। लोगों ने दोनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन नशे के प्रभाव में वे किसी की बात सुनने को तैयार नहीं थे। काफी देर तक चले इस तमाशे का अंत बेहद नाटकीय रहा।

## विधायक ने दिव्यांगों को बांटे उपकरण

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** ब्लॉक सभागार में समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधायक बम्बालाल दिवाकर ने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण बांटे। इसमें उन्होंने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए ब्लॉक परिसर में नवनिर्मित प्रेरणा कैंटीन का भी शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक ने क्षेत्र से आए 62 दिव्यांगजनों को 30 ट्राई साइकिल, 26 बैसाखी, 6 कान की मशीनें बांटीं। विधायक ने लाभार्थियों का माला पहनाकर उनका किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। दिव्यांग सहायता कार्यक्रम से पूर्व विधायक ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत क्षेत्र पंचायत द्वारा निर्मित प्रेरणा कैंटीन का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस कैंटीन से जहां एक ओर ब्लॉक आने वाले ग्रामीणों को उच्च गुणवत्ता का खान-पान मिलेगा, वहीं दूसरी ओर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्वरोजगार और आर्थिक मजबूती प्राप्त होगी। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश रावत, बीडीओ श्वेता त्रिपाठी, एडीओ पंचायत छोटेलाल, खंड शिक्षाधिकारी अनीता शाह, राजू चौहान, अनूप चंदेल, आशीष कन्नौजिया, दीपक विमल और अतुल अग्निहोत्री सहित अन्य उपस्थित थे।



प्रेरणा कैंटीन का उद्घाटन करते विधायक बम्बालाल दिवाकर।

## संदिग्ध परिस्थिति में खेत में पड़े मिले युवक की अस्पताल में मौत

- जहरीला पदार्थ निगलने की आशंका

**उन्नाव, अमृत विचार।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के ओसियां गांव शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गई। आशंका है कि युवक ने जहरीला पदार्थ निगल लिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

ओसियां गांव निवासी 35 वर्षीय मंतोष पुत्र राम बहादुर अविवाहित था। वह अपनी मां शोभा व बड़े भाई संतोष शर्मा के साथ रहकर खेती करता था। बताया गया कि शुक्रवार सुबह वह घर से खेत गया था। लेकिन वापस नहीं लौटा। आसपास के लोगों ने उसे खेत में पड़ा देख जानकारी परिजनों को दी। परिजन उसके मुंह से झाग निकलता देख उसे बीघापुर 100 बेड अस्पताल लाए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसकी खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बेटे की मौत से मां शोभा बेहाल रही। ग्रामीणों में चर्चा रही कि युवक ने जहरीला पदार्थ निगला था। कोतवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पीएम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट नहीं होगा।

## सीएचसी परिसर में गंदगी देख भड़े विधायक



सीएचसी का निरीक्षण करते विधायक श्रीकांत कटियार। अमृत विचार

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय से मिल रही अव्यवस्थाओं की शिकायतों के बाद शुक्रवार को विधायक श्रीकांत कटियार ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। विधायक के अचानक अस्पताल पहुंचने से स्वास्थ्य कर्मियों व प्रशासन में हड़कंप मच गया। इसमें अस्पताल की बदहाली देख विधायक ने नाराजगी जताई और सुधार के निर्देश दिए।

विधायक ने जैसे ही अस्पताल परिसर में कदम रखा, उन्हें चारों ओर गंदगी व जलभराव दिखा। अस्पताल की स्थिति देख उन्होंने अधीक्षक को जमकर फटकारा। उन्होंने कहा कि मरीजों को स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण देना स्वास्थ्य विभाग की पहली जिम्मेदारी है। लेकिन यहां की व्यवस्थाएं पूरी तरह लापरवाही की भेंट चढ़ चुकी हैं। निरीक्षण में यह बात सामने आई कि रात में अस्पताल में प्रकाश की समुचित व्यवस्था नहीं रहती। जिससे मरीजों व उनके तीमारदारों को परेशानी होती है। विधायक ने सख्त लहजे में कहा कि अस्पताल की लाइट व्यवस्था तत्काल दुरुस्त हो ताकि रात में आने वाले मरीजों को असुविधा न हो। परिसर में पेयजल पाइप लाइन के लीकेज के कारण हो रही पानी की बर्बादी और जलभराव को देखते हुए विधायक ने तत्काल नगर पालिका प्रशासन से संपर्क किया। उन्होंने निर्देश दिए कि पाइप लाइन की मरम्मत तत्काल कराई जाए। अस्पताल परिसर में नियमित सफाई के लिए दो सफाई कर्मियों की स्थाई ड्यूटी लगाई जाए। विधायक ने कहा कि अस्पताल में आने वाले गरीब मरीजों के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही या दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## ट्रक की टक्कर से टूटा पोल बाधित रही विद्युत आपूर्ति

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** शुक्रवार भोर में अनियंत्रित ट्रक ने आजाद मार्ग पर लगे 33 केवीए एचटी पोल में टक्कर मार दी, जिससे पोल दो हिस्सों में टूट गया और करीब दो दर्जन गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। घटना सुबह करीब चार बजे की बताई जा रही है।

पोल टूटने से जुराखन खेड़ा, पोनी, गजिया खेड़ा, ठाकुर खेड़ा, आजाद नगर सहित आसपास के गांवों में अंधेरा छा गया। सूचना मिलते ही बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मरम्मत कार्य शुरू किया। कर्मियों ने क्षतिग्रस्त पोल को हटाकर नया पोल स्थापित किया, जिसके बाद करीब सुबह 11 बजे आपूर्ति बहाल हो सकी। इस दौरान लगभग सात घंटे तक बिजली गुल रहने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, फोरलेन स्थित बालाजी गली के बाहर लगे 630 केवीए ट्रांसफार्मर में भी दोपहर दो से तीन बजे तक फ्यूज सेट लगाने का कार्य किया गया। जेई विजय पाल यादव ने बताया कि फ्यूज उड़ने पर लाइन में फाल्ट की जानकारी मिलती है, ट्रांसफार्मर सुरक्षित रहता है।

नाराजगी | लापरवाह विभागों के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पास

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में बिजली-पानी के मुद्दे पर हंगामा



क्षेत्र पंचायत की बैठक में मौजूद अधिकारी व अन्य लोग। अमृत विचार

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** विकासखंड कार्यालय सभागार में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक हंगामेदार रही। भीषण गर्मी के बीच बिजली व पानी की विकराल समस्या को लेकर सदस्यों ने जमकर नाराजगी जताई। बैठक से नदारद रहे विद्युत व जल निगम के अधिकारियों के विरुद्ध सदन में निंदा प्रस्ताव पारित कर स्पष्टीकरण मांगने का निर्णय लिया गया।

बैठक में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जितेंद्र रावत ने विद्युत व जल निगम के प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक ओर स्मार्ट मीटर और लो-वोल्टेज से जनता त्रस्त है, वहीं दूसरी ओर विभाग के अधिकारी बैठक से गायब हैं। सदन ने सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित किया। खंड विकास अधिकारी श्वेता त्रिपाठी ने कहा कि इस लापरवाही की रिपोर्ट डीएम को भेजकर जवाब तलब किया जाएगा। बैठक में विकास कार्यों के लिए ढाई करोड़ के बजट के सापेक्ष 5 करोड़ से अधिक के 41 प्रस्ताव पेश किए गए।

सदस्यों ने पावा गांव में शिक्षक-शिक्षामित्र विवाद की जांच, मेथी टीकर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने व सालेह नगर में नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग उठाई। बैठक में जितेंद्र रावत द्वारा रखे गए प्रस्ताव में सभासदों की भांति ग्राम प्रधान व बीडीसी सदस्यों के नाम के बोर्ड उनके गांव में लगवाने की मांग हुई। इस पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति दी। विधायक बम्बालाल दिवाकर ने केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए इन्हें पूरी पारदर्शिता के साथ धरातल पर उतारने की बात कही। ब्लॉक प्रमुख निर्मला रावत व प्रतिनिधि रमेश रावत ने सदस्यों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र का विकास बिना किसी भेदभाव के प्राथमिकता के आधार पर होगा। बैठक में बीईओ अनीता शाह, सीडीपीओ रचना, एडीओ पंचायत छोटेलाल, जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र कुमार, कंचन गुप्ता, ग्राम प्रधान व बीडीसी सदस्य उपस्थित रहे।

## अधिकारियों की लापरवाही से शोपीस बनीं नगर में लगीं सोलर पेयजल टंकियां

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद द्वारा आमजन को शुद्ध व शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के दावे हवा-हवाई साबित हो रहे हैं। भीषण गर्मी में जब लोगों को पानी की सबसे अधिक जरूरत है तब लाखों से लगाई गई सोलर पेयजल टंकियां वर्षों से कबाड़ बनी हुई हैं। कुछ समय पूर्व नगर के प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक स्थलों व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में राहगीरों, मजदूरों व विद्यार्थियों की सुविधा के लिए सोलर टंकियां स्थापित की गई थीं। उद्देश्य था कि चिलचिलाती धूप में लोगों को ठंडा और स्वच्छ पानी मिल सके। लेकिन देखरेख के अभाव व लापरवाही के कारण यह महत्वाकांक्षी योजना शुरू होने के कुछ समय बाद ही दम तोड़ गई। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन व संबंधित ठेकेदारों पर आरोप लगाए हैं। नागरिकों का कहना है कि टंकियों में इस्तेमाल किए गए सोलर पैनल, फिल्टर सिस्टम और कूलिंग यूनिट बेहद निम्न स्तर के थे, जो स्थापना के कुछ दिन बाद ही खराब हो गए। लोगों का आरोप है कि इस पूरी योजना में भारी कमीशनखोरी हुई है, जिसके चलते सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया। कई बार शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने इनकी मरम्मत की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया।



बेकार पड़ा वाटर कूलर।

## न्यूज ब्रीफ

### डीएम ने जन सुनवाई में सुनी 92 शिकायतें

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे शुक्रवार को कुल 92 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई में प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। जनसुनवाई मे ज्वाइंट मजिस्टेट संस्कृति त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी वि .रा. प्रियंका सिंह व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

### चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के अल्लाहपुर तिराहे पर वाहन का इंतजार कर रहे युवक को बाइक चालक द्वारा टक्कर मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। शाहाबाद कोतवाली के ग्राम मनकापुर निवासी घायल के भाई रघुनन्दन के अनुसार उसका बाड़ा भाई कमलेश 26 अप्रैल की रात 10 बजे शाहजहांपुर रोड पर खड़ा था, तभी गांव निवासी जितेंद्र ने रामनिवास के साथ बाइक से उसके टक्कर मार दी जिससे उसका भाई घायल हो गया। भाई का इलाज शाहजहांपुर जिला अस्पताल में चल रहा है और अभी भी कोमा में है। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किशोर लापता, गुमशुदगी दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के मोहल्ला अल्लाहपुर सैदीखेल से एक किशोर के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। पिता ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज करवाई है। पीड़ित संजय कुमार पुत्र राज बहादुर के अनुसार उसका 16 वर्षीय पुत्र आर्यन वर्मा 5 मई से घर से बिना बताये कहीं चला गया है। उसने सब जगह अपने पुत्र को तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं चल सका।

# हरदोई रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण में कटौती

## प्लेटफार्म संख्या-2 और 3 पर प्रस्तावित बड़े टीन शेड कैंसिल, 60 के बजाय 30 मीटर ही होगा सेंट्रल एंट्रेंस हॉल

संवाददाता, हरदोई



हरदोई रेलवे स्टेशन पर कराये जा रहे निर्माण कार्य में लगे मजदूर।

**अमृत विचार।** अमृत भारत योजना के तहत हरदोई रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण में कटौती की गई है। रेलवे द्वारा तैयार नए संशोधित प्लान में कई महत्वपूर्ण कार्यों में कटौती कर दी गई है। सबसे बड़ी कटौती प्लेटफार्म संख्या-2 और 3 पर प्रस्तावित बड़े टीन शेड को लेकर हुई है। पहले अमृत भारत योजना के तहत प्लेटफार्म दो और तीन के ऊपर नया और बड़ा कवर शेड बनाए जाने की स्वीकृति दी गई थी, लेकिन अब जारी किए गए संशोधित प्लान में नए शेड निर्माण के बजाय केवल पुराने शेड की रंगाई-पुताई और रिनोवेशन तक ही कार्य सीमित कर दिया गया है। इसके अलावा स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार को भी पहले की तुलना में छोटा कर दिया गया है। मूल योजना में जहां लगभग 60 मीटर लंबा आधुनिक सेंट्रल एंट्रेंस हॉल प्रस्तावित था, वहीं अब इसे घटाकर करीब 30 मीटर तक सीमित कर दिया गया है। पार्किंग व्यवस्था में भी भारी कटौती की गई है। पहले जहां 36 चार पहिया और 151 दोपहिया वाहनों की पार्किंग प्रस्तावित थी, वहीं अब इसे घटाकर 20 चार पहिया और 80 दो पहिया पार्किंग तक सीमित कर दिया गया है। हालांकि फुट ओवर ब्रिज, लिफ्ट, एस्केलेटर और प्लेटफार्म ऊंचाई बढ़ाने जैसे कुछ कार्य यथावत रखे गए हैं, लेकिन यात्रियों से सीधे जुड़ी कई आवश्यक सुविधाओं में कटौती ने सवाल खड़े कर दिए हैं।

रेलवे दस्तावेज़ में कहा गया है कि परियोजना को आर्थिक रूप से व्यवहारिक बनाने के लिए यह बदलाव किए गए हैं और कम उपयोग वाली सुविधाओं पर खर्च घटाया गया है। अब बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि जब हरदोई रेलवे स्टेशन के जरूरी कार्यों में ही कटौती कर दी गई, तो फिर रेलवे मंत्रालय से मिले 30 करोड़ रुपये का उपयोग आखिर कहां किया जाएगा? यात्रियों का कहना है कि यदि बुनियादी सुविधाओं को ही सीमित कर दिया जाएगा तो हरदोई रेलवे स्टेशन का वास्तविक विकास कैसे संभव होगा।

### उद्घाटन के समय किए गए थे बड़े-बड़े दावे

बता दें कि अमृत भारत योजना में शामिल किए जाने के बाद हरदोई रेलवे पर विकास कार्यों को लेकर बड़े-बड़े दावे किए गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टेशन पर करीब 30 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार कार्यों का उद्घाटन किया था। उस समय मंडल रेल अधिकारियों और हरदोई सांसद जय प्रकाश रावत ने यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं देने, स्टेशन का स्वरूप बदलने और बड़े स्तर पर विकास कराने की घोषणाएं की थीं। इन घोषणाओं के बाद हरदोई के रेल यात्रियों को उम्मीद जगी थी कि आने वाले समय में स्टेशन पर बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान होगा, लेकिन अब ट्रंकेटेड मास्टर प्लान ने इन उम्मीदों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### टिन शेड में कटौती से यात्रियों में नाराजगी

यात्रियों ने बताया कि प्लेटफार्म संख्या-2 और 3 पर प्रस्तावित बड़े टीन शेड प्रस्तावित होने को लेकर लोगों को उम्मीद थी कि गर्मी, बारिश और धूप में राहत मिलेगी। क्योंकि स्टेशन पर रोजाना हजारों यात्री अपने सफर के लिए ट्रेनों का इंतजार करते हैं, मौजूदा टीन शेड काफी छोटा होने के कारण यात्रियों को खुले आसमान के नीचे खड़ा रहना पड़ता है। रेल यात्रियों ने कई बार इस समस्या को उठाया था। सांसद जयप्रकाश रावत से लेकर रेल अधिकारियों तक से प्लेटफार्म दो और तीन के शेड को बढ़ाने की मांग की गई थी। हाल ही में सांसद द्वारा रेल अधिकारियों के साथ की गई बैठक में भी यह मुद्दा प्रमुखता से रखा गया था, लेकिन अब नए प्लान के सामने आने के बाद यात्रियों और जनपदवासियों में नाराजगी देखी जा रही है। लोगों ने इस मुद्दे को जिले के जनप्रतिनिधियों के सामने उठाने की बात कही है।

## सो रही महिला के पैर से पायल चोरी कर भाग रहे चोर को दबोचा

**हरदोई, अमृत विचार।** सो रही महिला के पैर से पायल चोरी कर भाग रहे चोर को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया गया। उसके पास से पायल की बरामदगी भी हुई। लेकिन पुलिस उसे रास्ते में छोड़कर चली गई। एसएचओ बेनीगंज मार्तण्ड प्रताप सिंह का कहना है कि जांच की जा रही है। बेनीगंज कोतवाली के घनश्याम नगर निवासी सुरेंद्र की पत्नी बुधवार की रात घर के बाहर सो रही थी। आरोप है कि उसी बीच पड़ोसी गांव बसेन निवासी सूरजपाल वहां पहुंचा और सो रही महिला के पैर से चांदी की पायल चोरी कर भागा। लेकिन कुछ लोगों ने उसे देखा और दौड़ाकर पकड़ा और कॉल करने पर पहुंची यूपी-112 पीआरवी टीम को सौंप दिया। पुलिस ने सूरजपाल के कब्जे से चोरी की पायल बरामद कर ली। पुलिस पर आरोप है कि वह चोर को गांव से लेकर चली, लेकिन उसे रास्ते में ही छोड़कर आगे बढ़ गई।

## शहर में आज कुछ घंटों के लिए बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**हरदोई, अमृत विचार।** शहर के लोगों को शनिवार को कुछ घंटों के लिए बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा। विद्युत विभाग की ओर से जारी सूचना के अनुसार 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र सिटी पर पावर परिवर्तकों की अर्थिंग और लाइटनिंग अरेस्टर बदलने का कार्य कराया जाएगा। यह काम सेकेंडरी वर्क्स के तहत प्रस्तावित किया गया है, जिसके चलते विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि विद्युत उपकेंद्र सिटी पर सुरक्षा संबंधी जरूरी कार्य किए जाने हैं। इसी कारण 9 मई को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रखी जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि यह कार्य उपकेंद्र की सुरक्षा और बेहतर विद्युत व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक है।

इसके अलावा 33/11 केवी कोयलाबाग फीडर से जुड़ी आपूर्ति भी आंशिक रूप से प्रभावित हो सकती है। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि निर्धारित समय में मरम्मत और तकनीकी कार्य पूरा कर विद्युत आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी। अवर अभियंता, विद्युत उपकेंद्र सिटी हरदोई तथा उपखंड अधिकारी विद्युत वितरण उपखंड प्रथम हरदोई के हस्ताक्षर भी अंकित हैं। विभाग ने बिजली की बचत करने और आवश्यक होने पर ही बिजली उपयोग करने की भी अपील की है।

## महिला का क्षत-विक्षत शव मिला, पहचान नहीं

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के माधवगंज-बिलग्राम मुख्य मार्ग पर नौमलिकपुर मोड़ के पास सड़क किनारे अज्ञात महिला का क्षत-विक्षत शव पड़ा मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। कन्नौज बाईपास से सदरपुर गश्त ड्यूटी पर मौजूद कांस्टेबल श्रवण एवं रिक्रूट कांस्टेबल संदीप कुमार को सुबह करीब 4 बजे घटना की सूचना मिली। पुलिस महिला को सीएचसी बिलग्राम लेकर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी गई। महिला की उम्र करीब 40 वर्ष होगी, उसकी शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

## लखनऊ जा रहे सुभासपा नेताओं को रोका

- प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए अतरौली की सीमाएं किया सील
- मलिहाबाद में गेट लगाए जाने को लेकर पासी व अर्कवंशी विवाद

संवाददाता, अतरौली, हरदोई



अतरौली चौराहे पर प्रदर्शन करते सुनील अर्कवंशी और उनके समर्थक।

**अमृत विचार।** जनपद लखनऊ के मलिहाबाद में शासन प्रशासन द्वारा लगाये जा रहे सल्हीय और मल्हीय के नाम गेट को लेकर पासी और अर्कवंशियों में छिड़ा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। जनता के चुने हुए जन प्रतिनिधि एक विरादरी के नाम से गेट लगाते हैं तो दूसरे विरादरी के लोग उखाड़ देते हैं। लगाने और हटाने का विरोध दोनों विरादरियों में लगातार जारी है।

इसी विरोध प्रदर्शन के क्रम में शुक्रवार को सुभासपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील सिंह अर्कवंशी अपने कई समर्थकों के साथ एसडीएम मलिहाबाद को ज्ञापन देने अतरौली की ओर से जाते समय अतरौली चौराहे पर पुलिस ने रोक लिया। नाराज समर्थकों ने अतरौली पुलिस के खिलाफ चौराहे पर ही प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। पुलिस के खिलाफ वहीं पर धरने पर बैठ गये। कुछ समर्थकों को पुलिस ने लखनऊ रोड पर नरियाखेड़ा पुलिस बूथ अतरौली थाने के बार्डर पर रोक लिया। इससे समर्थक और नाराज हो गये। मलिहाबाद में ज्ञापन देने की घोषणा के बाद शुक्रवार को हरदोई और लखनऊ की सीमाओं पर भारी गहमागहमी का माहौल रहा। लखनऊ जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर अतरौली पुलिस ने कड़ा पहरा बिठा दिया है। जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गयी।अतरौली थाना क्षेत्र में लखनऊ की ओर जाने वाले सभी रास्तों को पुलिस ने पूरी तरह से सील कर दिया। भारी पुलिस बल के साथ वाहनों की चेकिंग शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि उन्हें किसी सक्षम अधिकारी के आदेश के बिना गैर कानूनी ढंग से रोका गया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों और अधिकारियों ने इस अघोषित पाबंदी का कारण बताने से इनकार कर दिया।

## डिप्टी सीएम ने सीएचसी अधीक्षक के खिलाफ जांच के दिए निर्देश

**हरदोई, अमृत विचार।** डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने गैर कानूनी तरीके से इलाज करने वाले निजी हास्पिटलों पर नरमी बरतने वाले सण्डीला सीएचसी अधीक्षक डा. मनोज कुमार सिंह की जांच के आदेश देते हुए सीएमओ डा. भवनाथ पाण्डेय से स्पष्टीकरण तलब किया है। इस बारे में उप मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट करते हुए नाराज़गी ज़ाहिर की है। डिप्टी सीएम ने अपनी पोस्ट में लिखा है कि अधीक्षक डा.मनोज कुमार सिंह जिनके पास पीसी एंड पीएनडीटी (गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक लिंग चयन प्रतिषेध भ्रूण हत्या रोकने, लिंग परीक्षण को अपराध मानने का अधिनियम) और एफआरयू (आपातकालीन प्रसूति नवजात देखभाल केंद्र) की ज़िम्मेदारी है, ने गैर कानूनी तरीके से इलाज करने वाले निजी अस्पतालों पर कार्यवाही नहीं की, इसके अलावा सीएमओ से इस बात के लिए स्पष्टीकरण तलब किया गया है कि उन्होने सीनियर के होते हुए जूनियर डाक्टर को तैनात किया है। डिप्टी सीएम श्री पाठक जोकि स्वास्थ्य महकमें के मुखिया है,की नाराज़गी ज़ाहिर होने से पूरे महकमें मे.हड़कंप मचा हुआ है।

## अस्पतालों-क्लीनिकों पर छापा, एक दर्जन सील

संवाददाता, कछौना, हरदोई



छापेमारी के दौरान क्लीनिक सील करते स्वास्थ्य विभाग की टीम।

- स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई मचा हड़कंप

**अमृत विचार।** नगर में बिना पंजीकरण के चल रहे झोला छाप डॉक्टरों के अस्पतालों और क्लीनिकों पर शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग ने सख्ती दिखाई। एक दर्जन से अधिक प्रतिष्ठानों को सील कर तीन दिन में दस्तावेज जमा करने का नोटिस थमा दिया गया। इस छापेमारी से हड़कंप मच गया, ज्यादातर संचालक क्लीनिक बंद कर फरार हो गए।

नोडल अधिकारी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संडीला के अधीक्षक डॉ. मनोज सिंह ने बताया कि मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर गठित चार सदस्यीय टीम ने शिकायतों के आधार पर कार्रवाई की। टीम में डॉ. विनीत तिवारी, अरविंद सचान और हेमंत राज शामिल थे। रेलवे गंज हथौड़ा रोड पर चंद्रा क्लीनिक, श्रेया क्लीनिक, पास की पाथोलॉजी, गाजू रोड पोली क्लीनिक, ठाकुर गंज पाथोलॉजी, गौसगंज रोड नारायण अस्पताल, राज क्लीनिक और डॉ. सुरेश का क्लीनिक समेत एक दर्जन अवैध केंद्र सील किए गए। डॉ. सिंह ने कहा, तीन दिनों में संचालक सीएमओ कार्यालय में दस्तावेज जमा करें। सही पाए जाने पर क्लीनिक खुल जाएंगे, वरना मुकदमा दर्ज होगा। नगर में करीब तीन दर्जन झोलाछाप क्लीनिक-अस्पताल और दो दर्जन पैथालाजी बिना पंजीकरण के चला रहे हैं। नारायण अस्पताल के संचालक डॉ. देवेंद्र मोहन (बीएएमएस) ने सफाई दी कि वे भी अंग्रेजी दवाएं लिखते हैं, जैसे अन्य डॉक्टर करते हैं। वहां भर्ती मरीजों को सरकारी अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया। बताते चलें कि उपमुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक के एक ट्वीट के बाद स्वास्थ्य विभाग ने तेजी दिखाई है।

## सर्राफा दुकानदार पर ग्राहक से अभद्रता व मारपीट का आरोप

**हरदोई, अमृत विचार।** चंडीगढ़ में नौकरी कर रहा युवक बहन की शादी पर गांव आया था। बुधवार को पत्नी व बड़ी बहन के साथ सर्राफा दुकान पर जेवर खरीदने पहुंचा। देखभाल करने के बाद बड़े भाई को बुलाने की बात की, इसी बात को लेकर दुकान से उसका विवाद हो गया। पुलिस को दी तहरीर में युवक ने दुकानदार और उसके कुछ साथियों पर पिटाई करते धमकाने का आरोप लगाया है।

टड़ियावां थाने के लोचनपुरवा निवासी पंकज चंडीगढ़ में नट-बोल्ट की फैक्ट्री में नौकरी करता है। 9 मई को बहन निशा की शादी में शामिल होने के लिए गांव आया हुआ है। गुरुवार को पत्नी रेनू और बड़ी बहन सुनीता के साथ अहिरोरी बाज़ार निशा के लिए नथुनी खरीदने पहुंचा। बताया कि उसने एक सर्राफा दुकान पर नथुनी पसंद की, दुकानदार ने उसकी कीमत 40 हज़ार बताई, उसने बड़े भाई को बुलाने को कहा। इस पर दुकानदार ने विवाद करते हुए गाली-गलौज की। विरोध करने पर उसने पंकज की पिटाई कर दी। आरोप है कि बचाने दौड़ी उसकी पत्नी रेनू व बड़ी बहन सुनीता के साथ अभद्रता करने लगा। इसका पता होने पर वहां पहुंची पुलिस छानबीन कर रही है।

## अधिक शिकायत प्राप्त होने पर जेई व एई के खिलाफ होगी कठोर कार्रवाई : डीएम

संवाददाता, हरदोई

- जल मिशन की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दी चेतावनी

**अमृत विचार।** जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देश दिये कि जिन नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के तहत खोदी गयी सड़को/मार्गों में पाइप लाइन डालने के बाद ठीक कराते जाये और जहां भी पाइप लीकेज, जल आपूर्ति बाधित एवं कनेक्शन में विलम्ब की शिकायतें प्राप्त हो उनका तत्काल गुणवत्तापरक निस्तारण करायें। बैठक में जिलाधिकारी ने सीडीओ से कहा कि जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों का निरीक्षण करें और जिन गांवों में अधिक शिकायतें प्राप्त हो वहां के जेई व एई पर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होने सभी जेई/एई को निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन के कार्यो को गम्भीरता से लें और सभी परियोजनाएं समय पर पूर्ण करायें। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित अन्य संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## लाठी चार्ज कर पुलिस ने पथराव कर रही भीड़ को खदेड़ा!

संवाददाता, हरदोई,



मॉक ड्रिल के दौरान पत्थरबाजी कर रही उपद्रवी भीड़ को खदेड़ते पुलिस के जवान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लॉ एंड ऑर्डर को बरकरार रखते हुए दंगा और दंगाइयों से निपटने के लिए पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में मार्क ड्रिल हुआ। इस दौरान दंगा या फिर बलवा होने पर पुलिस को हालात काबू करने के लिए कौन-कौन से कदम उठाने चाहिए ? आंखो के सामने ऐसा कर के दिखाया। एसपी अशोक कुमार मीणा की मौजूदगी में हुए मार्क ड्रिल में 160 पुलिस जवानों ने हिस्सा लिया।

इमरजेंसी के दौरान लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखते हुए लोगों के बीच भयमुक्त वातावरण बनाने के लिये एसपी अशोक कुमार मीणा के निर्दश व एएसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रताप सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में 160 पुलिस के जवानों ने मार्क ड्रिल किया। इस दौरान कानून के खिलाफ हुई भीड़ को तितर-बितर करने के लिये रबर बुलेट गन,लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले एंटी राइट गन, टियर गैस गन, हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों के बारे में जानकारी साझा करते हुए दंगाइयों और बलवाइयों पर एंटी राइट गन, टियर गैस गन, हैंड ग्रेनेड, टियर स्मोक सेल, नेट आदि के प्रयोगों के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में अवगत कराया गया व फायर ब्रिगेड की गाड़ियों का इन परिस्थितियों में किस प्रकार प्रयोग करना है, की जानकारी दी गई। ताकि किसी भी विषम परिस्थिति में सिखलाये गये तरीकों से ऐसी परिस्थितियों का अच्छे से सामना किया जा सके।

विरोध

वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए जिले के सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा किए गए पोस्टर

# रेल लाइन को लेकर सांसद के खिलाफ पोस्टरबाजी

संवाददाता, हरदोई




सार्वजनिक स्थानों पर चिपके वादाखिलाफी के पोस्टर।

**अमृत विचार।** शहर में गुरुवार देर रात उस समय राजनीतिक हलचल तेज हो गई, जब सार्वजनिक स्थानों पर सांसद जयप्रकाश रावत के खिलाफ पोस्टर चस्पा मिले। इन पोस्टरों में हरदोई से सांडी और गुरसहायगंज तक प्रस्तावित रेल लाइन को लेकर सवाल उठाए गए हैं। पोस्टरों पर बड़े अक्षरों में लिखा गया था वादा खिलाफी कब तक? साथ ही चुनावी वादों को याद दिलाते हुए नई रेल लाइन को लेकर जनता से किए गए आश्वासनों का जिक्र भी किया गया।

शुक्रवार सुबह जब लोगों की नजर रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस अड्डा, परिवहन निगम की बसों और यहां तक कि सांसद आवास के आसपास लगे इन पोस्टरों पर पड़ी तो हलच बढ़ गई। पोस्टरों में आरोप लगाया गया कि चुनाव के दौरान हर मंच से रेल लाइन निर्माण का भरोसा दिया गया था, लेकिन वर्षों बाद भी परियोजना जमीन पर दिखाई नहीं दे रही है।

### रेल लाइन का काम न शुरू होने पर व्यापक आंदोलन की चेतावनी

**हरदोई, अमृत विचार।** पोस्टरों में यह भी उल्लेख किया गया कि सांडी रेल लाइन क्षेत्र के विकास, व्यापार और रोजगार के लिए लाइफ लाइन साबित हो सकती है। स्थानीय व्यापारियों और युवाओं को उम्मीद थी कि रेल परियोजना शुरू होने से इलाके की आर्थिक गतिविधियों को नई रफ्तार मिलेगी, लेकिन लंबे समय से केवल आश्वासन मिलने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। संघर्ष समिति से जुड़े कुछ लोगों का कहना है कि वर्ष 2019 से प्रस्तावित रेल लाइन का मुद्दा लगातार उठाया जा रहा है, लेकिन अब तक ठोस प्रगति नहीं हुई। उनका कहना है कि यदि जल्द ही इस दिशा में काम शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। फिलहाल पोस्टरबाजी को लेकर शहर में चर्चाएं तेज हैं, जबकि राजनीतिक गलियारों में भी इसे लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

### रेल लाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष हुए गिरफ्तार

सांसद जयप्रकाश की वादाखिलाफी के पोस्टर चस्पा होने के बाद रेल लाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष पंकज त्रिवेदी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। मामला सोशल मीडिया पर हाईलाइट होने के बाद पुलिस ने उन्हें रिहा कर दिया। रिहा होने के बाद पंकज ने कहा कि उनका संघर्ष रुकने वाला नहीं है। रेल लाइन के लिए वह लगातार संघर्ष करते रहेंगे। बताते चलें कि पंकज त्रिवेदी 2007 से इस रेल लाइन के संघर्षरत हैं, वह अपने खून से लिखा तीन पन्नों का पत्र भी प्रधानमंत्री को भेज चुके हैं। दिल्ली के जंतर मंतर तक धरना प्रदर्शन व आंदोलन कर चुके हैं।

## शहर में ट्रैफिक जाम बना मुसीबत



जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार।** शहर में ट्रैफिक व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है। मुख्य बाजारों और चौराहों पर आए दिन लगने वाले जाम से आम लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए जाने के बावजूद हालात में कोई खास बदलाव नजर नहीं आ रहा। शहर के कई हिस्सों में नो-एंट्री के दौरान भारी वाहनों की आवाजाही और अवैध रूप से बसों का संचालन जाम की बड़ी वजह बन चुका है।

इसके अलावा फुटपाथों पर बढ़ते अतिक्रमण ने पैदल चलने वालों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। सड़क किनारे लगी दुकानें और अवैध कब्जों के कारण सड़कें संकरी होती जा रही हैं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है।

शहर में लगने वाले जाम में सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों और उनके अभिभावकों को उठानी पड़ रही है। छुट्टी के समय शहर के प्रमुख मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। कई बच्चे घंटों जाम में फंसकर घर पहुंचने का इंतजार करते दिखाई देते हैं। शुक्रवार दोपहर को जिंदपीर चौराहे पर ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जहां भीषण जाम लगने से लोगों को काफी देर तक परेशान होना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि चौराहे को चौड़ा किए जाने के बावजूद समस्या कम होने के बजाय और बढ़ गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### बीमार इंजीनियर के नाम पर दूसरे के काम करने की जांच की मांग

**सीतापुर।** विकासखंड पहला के ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में एक गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया है। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में बताया कि यहां तैनात अवर अभियंता अजय कुमार आजाद शारीरिक रूप से अक्षम होने के कारण कार्यस्थल पर जाने में असमर्थ हैं। आरोप है कि अभियंता की शारीरिक लाचारी का फायदा उठाकर उनके नाम पर कोई अन्य व्यक्ति विभागीय कार्य कर रहा है।

### स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर डंपरों पर समयबद्ध रोक की मांग

**महमूदाबाद।** सीता इंटर कॉलेज के शिक्षक शिवेंद्र पटेल ने उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मोतीपुर चौराहा से रामकुंड चौराहा तथा बाईपास मार्ग पर स्कूल समय के दौरान डंपर व ट्रकों के संचालन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि सुबह 7 से 9 बजे तथा दोपहर 12 से 2 बजे तक हजारों छात्र-छात्राएं स्कूल आते-जाते हैं, लेकिन इसी दौरान तेज रफ्तार डंपर व ट्रक गुजरते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। प्रार्थना पत्र में भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित करने तथा स्कूल समय में अतिरिक्त पुलिस व ट्रैफिक व्यवस्था लगाने की भी मांग की गई है।

### सड़क हादसे में घायल दूसरे युवक की मौत

**हरगांव (सीतापुर)।** हरगांव थाना क्षेत्र के उदनापुर के पास हुए सड़क हादसे में घायल दूसरे युवक अनस (20) की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। लखनऊ ट्रामा सेंटर में देर रात उसने दम तोड़ दिया। इस हादसे में अब जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। बता दें कि लहरपुर के भूलनपुर निवासी शानू (22) पुत्र बरकत अली और अनस बाइक से लखीमपुर से हरगांव की ओर आ रहे थे। तभी उदनापुर के पास एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शानू की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि अनस गंभीर रूप से घायल हो गया था। गंभीर हालत में लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया था। जहां देर रात उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया।

### जानलेवा हमले में घायल युवक की मौत

**हरगांव / सीतापुर।** थाना क्षेत्र के परसेहरानाथ गांव में करीब 20 दिन पहले हुई मारपीट की घटना में घायल युवक अवधेश की इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले में हत्या की धाराएं बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मृतक की पत्नी रीता देवी ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गांव के ही धर्मेंद्र, वीरू, श्रीवास्तव और लीलाराम ने रिक्खीपुरवा रोड पर अवधेश को रोककर उन पर चाकू व धारदार हथियारों से जानलेवा हमला किया था। गंभीर रूप से घायल अवधेश का इलाज जिला अस्पताल और फिर लखनऊ के ट्रामा सेंटर में चला। घर लौटने के बाद उनकी हालत दोबारा बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें फिर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक बलवंत शाही ने बताया कि मामले में पूर्व में ही मुकदमा दर्ज था। अब घायल की मौत के बाद मुकदमे को हत्या की धाराओं में तरमीम (बदलाव) किया जा रहा है।

### पुण्यतिथि पर जिला अस्पताल में किया फल वितरण व भंडारा

**सीतापुर।** शहर के चौधरी टोला निवासी राजवीर सक्सेना की प्रथम पुण्यतिथि पर को जिला अस्पताल परिसर में भंडारे और फल वितरण का आयोजन किया गया। चौधरी टोला निवासी राजीव सक्सेना के 9 वर्षीय पुत्र अनुभव सक्सेना का निधन बीते वर्ष 8 मार्च 2025 को हो गया था। शुक्रवार को उसकी प्रथम पुण्यतिथि एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर परिवार ने जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों के बीच भोजन व फल वितरित किए। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और अस्पताल पहुंचे तीमारदार मौजूद रहे।

### टोल प्लाजा पर सब्जी मंडी से लग रहा जाम

**सीतापुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रदेश महासचिव आरपी सिंह चौहान ने लखनऊ-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-30 पर इटौजा टोल प्लाजा के पास लगने वाली सब्जी मंडी के कारण होने वाली समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी और एनएचएआई को पत्र लिखा है। चौहान ने शिकायत में बताया कि प्रतिदिन सुबह 3 बजे से दोपहर 12 बजे तक राजमार्ग के दोनों ओर सब्जी मंडी लगने के कारण करीब एक किमी लंबा भारी जाम लगता है।

# चीनी सैनिकों से लड़े थे सीतापुर प्लाईवुड फैक्ट्री के पुतले

## वर्ष 1962 में भारत सीमा पर भेजे गए थे प्लाईवुड में तैयार पुतले

जीशान कदीर, सीतापुर।

**अमृत विचार:** क्या पुतलों को कभी सीमा पर मोर्चा लेते देखा है, सुनकर कुछ अटपटा सा लग रहा होगा, पर है सौ फीसद सच। भारत-चीन युद्ध के दौरान चीनी सैनिको को चकमा देने के लिए बड़ी संख्या में सीतापुर प्लाईवुड से बने पुतले सरहद भेजे गए थे।

ये उप्र के सीतापुर जनपद में सीतापुर प्लाईवुड फैक्ट्री में तैयार किए गए। हार्ड बोर्ड से तैयार इन पुतलों में स्प्रिंग भी लगाई गई। ताकि गोली अथवा गोला लगने के बाद भी दोबारा अपनी पोजीशन में आ सकें।



सीतापुर प्लाईवुड फैक्ट्री की इन्हीं खस्ताहाल मशीनों से बने थे फौजी पुतले।

इसके लिए फैक्ट्री के भीतर गुपचुप तरीके से महीनों काम चला। सरहद तक पहुंचाने में मालगाड़ी और अन्य साधनों की मदद भी ली गई। प्लाईवुड फैक्ट्री की देखरेख करने वाले आरिफ बताते हैं कि उनके बाबा वाजिद अली और पिता इरशाद अली इस बात का जिक्र करते थे। उस समय दोनों शिफ्टों में कार्य किया जाता था।



केयर टेकर आरिफ।

### सैनिकों की कद-काठी, रंग-रोगन भी सैनिकों जैसा

अजय प्रकाश, अरुण और अरशद बताते हैं कि इन प्लाई के पुतलों को सैनिकों की कद-काठी के रूप में उनके पूर्वजों द्वारा तैयार किया गया। रंग-रोगन ऐसा कि चीनी सैनिक भी चकमा खा गए। फौजी समझकर जब इन पुतलों पर गोलियों की बौछार होती तो स्प्रिंग लगने के कारण प्लाई के सैनिक दबाव में झुक जाते और अगले ही पल फिर खड़े हो जाते।

### 1939 इग्लैण्ड के हेनरी थॉमसन ने खोली फैक्ट्री

बात 1939 की है, सीतापुर घने जंगलों के बीच बसा था, लखनऊ से करीब होने के कारण व्यापार की संभावनाओं को देखते हुए हेनरी थॉमसन ने हुसैनगंज स्थित इलाके में प्लाईवुड प्रोडेक्ट की नीव रखी, तैयार माल, देश ही नहीं विदेशों में भी विख्यात हुआ।

### फैक्ट्री की भूमि को संरक्षित करने के लिए आगे आए डीएम

कागजी दांवपेचों में फंसकर तीन दशक से बंद पड़ी सीतापुर प्लाईवुड फैक्ट्री की भूमि को संरक्षित करने के लिए जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. आग आए, उन्होंने राज्य संपत्ति में निहित करने का आदेश दिया है। सूत्रों की मानें तो इस भूमि पर स्थापित होने वाली वृहद योजना आमजन के कारगर सिद्ध होगी।

### स्वास्थ्य शिविर में 140 मरीजों की हुई निःशुल्क जांच, दी गईं दवाएं

**संवाददाता, लहरपुर/सीतापुर। अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला गन्नी टोला स्थित खेमकरण इंटर कॉलेज के निकट एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। पीताम्बरा शिक्षा समिति एवं केपी सिंह मेमोरियल अस्पताल के सौजन्य से आयोजित इस शिविर में 140 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाइयां वितरित की गईं।

डॉ. सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में इस तरह के आयोजनों से उन लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच पाती हैं, जो आर्थिक कारणों से इलाज से वंचित रह जाते हैं। इस दौरान करीब 40 मरीजों के रक्त के नमूने लेकर उनकी विस्तृत जांच की गई। शिविर में डॉ. एसए मीर, डॉ. अहतीशाम खान, डॉ. मधुलिका राय (स्त्री एवं प्रसूति रोग), डॉ. हर्षित जैन और डॉ. मुस्कान सहित नर्सिंग स्टाफ ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इस दौरान बड़ी संख्या में मरीज व उनके तीमारदार मौजूद रहे।

# अतिक्रमण के बाद अब सड़क चौड़ीकरण, हुई पैमाइश

## नगर पालिका की प्रशासनिक टीम के साथ तहसील कर्मी भी हमराह, पुलिस बल की मौजूदगी में कुछ स्थानों पर हटा अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार:** अतिक्रमण के बाद अब शहर की सड़क का चौड़ीकरण होगा। इसको लेकर जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट सड़क पर उतरीं, कई स्थानों पर पैमाइश हुई। ग्वाल मण्डी सहित छह स्थानों से अतिक्रमण हटाने को लेकर सख्त निर्देश दिए।

प्रशासन की मंशा है कि शहर के भीतर जाम जैसी स्थिति न हो, इससे रोजगार और आवागमन दोनों पर असर पड़ता है। इसको लेकर जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने मण्डी चौकी क्षेत्र में अभियान चलवाकर अतिक्रमण हटवाया। इसी कड़ी में नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय ने खुद मोर्चा संभाला। शहर की ग्वाल मण्डी मार्ग पर फायर ब्रिगेड दफ्तर के करीब के इर्द गिर्द रास्ते के किनारे हुए अतिक्रमण हटवाने को लेकर सख्त निर्देश दिए। ताकि सीतापुर से लखीमपुर मुख्य मार्ग पर आवागमन में बाधा न हो। बस अड्डा, रेलवे स्टेशन सहित कई अन्य स्थानों पर सड़क के इर्द गिर्द पैमाइश कराकर कुछ स्थानों पर अतिक्रमण हटाया गया।



नगर स्थित अतिक्रमित स्थलों का निरीक्षण करती सिटी मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पांडे।

> सड़क के मध्य से 25 मीटर की परिधि में आने वाले सभी अवैध निर्माणों को हटाया जाएगा। -मीनाक्षी पाण्डेय, सिटी मजिस्ट्रेट

**प्रशासन के रडार पर पक्के पुल के इर्द गिर्द का इलाका :** पक्का पुल के इर्द गिर्द बड़े पैमाने पर संजीवनी सरायन नदी को अतिक्रमित करने का कार्य किया गया है। ऐसे में सिटी मजिस्ट्रेट ने खुद फीता लेकर अधीनस्थों की मदद से नापजोख कराई, कई को खरी-खरी का सामना भी करना पड़ा।

### शुरू हुई प्लाईवुड प्रोडक्ट्स को निहित करने की कार्रवाई

जिला प्रशासन ने खैराबाद परगना के ग्राम छावनी गोरा बारिक में स्थित मेसर्स प्लाईवुड प्रोडक्ट्स की 3 .824 हेक्टेयर भूमि को 'स्वामी विहीन' मानते हुए राज्य सरकार में निहित करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा इस संबंध में सार्वजनिक नोटिस जारी कर 15 दिनों के भीतर आपत्तियां मांगी गई हैं। मामले की सुनवाई 25 मई को जिलाधिकारी न्यायालय में नियत की गई है।

### गर्मी में सुचारू रहे बिजली आपूर्ति

**सीतापुर।** विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने निर्देश दिए कि भीषण गर्मी को देखते हुए जिले में निर्धारित रोस्टर के अनुसार बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि खराब ट्रांसफार्मरों को समय से बदला जाए ताकि जनता को परेशानी न हो। डीएम ने निर्माणाधीन परियोजनाओं को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने और बिलिंग संबंधी शिकायतों को प्राथमिकता पर निपटाने के निर्देश दिए। बैठक में विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता और कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



गांधी पार्क में विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी। अमृत विचार

### कांग्रेस का प्रदर्शन, शहर की समस्याओं को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार :** शहर कांग्रेस कमेटी ने जनसमस्याओं को लेकर सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को संबोधित आठ सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ममता वर्मा ने कहा कि मूलभूत समस्याओं की अनदेखी से जनता बेहाल है। शहर अध्यक्ष शिशिर बाजपेयी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर नारेबाजी की। ज्ञापन में मुख्य रूप से बस स्टेशन पर लगने वाले जाम से मुक्ति दिलाने की मांग की गई। कांग्रेस ने कहा कि बसें सड़क पर खड़ी होकर सवारी भरती हैं, जिससे स्कूली बच्चों और राहगीरों को भारी परेशानी होती है। बसों का संचालन स्टेशन परिसर के भीतर से ही सुनिश्चित कराया जाए। कांग्रेसियों द्वारा जिला अस्पताल में वेंटिलेटर, हार्ट यूनिट और न्यूरो यूनिट स्थापित करने के साथ ही जनपद में कृषि महाविद्यालय खोलने की मांग उठाई गई।

### एजेंसी पर ही गैस वितरण वसूले जा रहे अतिरिक्त रुपये

संवाददाता रामपुर मथुरा।

**अमृत विचार :** विकास खंड क्षेत्र में संचालित गैस एजेंसियों द्वारा उपभोक्ताओं के शोषण का मामला प्रकाश में आया है। नियमों को ताक पर रखकर एजेंसी संचालक होम डिलीवरी के नाम पर प्रति सिलेंडर लगभग 30 अतिरिक्त वसूल रहे हैं, जबकि वितरण एजेंसी के गेट या चंद कदमों की दूरी पर ही किया जा रहा है।

यदि उपभोक्ता स्वयं एजेंसी से सिलेंडर लेता है, तो उसे निर्धारित मूल्य से करीब 30 की छूट मिलनी चाहिए। वर्तमान में होम डिलीवरी का रेट 956 है, लेकिन आरोप है कि बांसुरा स्थित भारत गैस एजेंसी और रामपुर मथुरा व मझिगवां स्थित इंडेन गैस एजेंसियां गोदाम या पास में खड़ी गाड़ियों से ही वितरण कर पूरा पैसा वसूल रही हैं। कुलदीप, मुकेश, शांति देवी और कासिम सहित दर्जनों उपभोक्ताओं ने बताया कि भीषण धूप में एजेंसी तक दौड़ लगाने के बावजूद उनसे डिलीवरी चार्ज लिया जा रहा है। विरोध करने पर अभद्रता की जाती है। उपभोक्ताओं ने इस 'अवैध वसूली' पर रोक लगाने और जांच की मांग की है।



प्रेमा देवी



मुकेश कुमार

### स्कूल जा रही छात्रा से छेड़छाड़, मिठाई दुकानदार गिरफ्तार

**संवाददाता इमलिया सुल्तानपुर, अमृत विचार :** इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके से एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि थाना क्षेत्र की ही रहने वाली एक छात्रा सुबह जब स्कूल पढ़ने के लिए जा रही थी तभी काजी कमालपुर मुख्य चौराहे पर मिठाई की दुकान चलाने वाले सहादतनगर निवासी तौफीक पुत्र इमाम अली ने रास्ते में उसे रोककर उसके साथ छेड़छाड़ की। बताते हैं कि छात्रा ने घर पहुंचकर परिजनों को आप-बीती सुनाई जिसके बाद परिजनों ने थाने पहुंचकर उस युवक के खिलाफ लिखित तहरीर दी। इमलिया सुल्तानपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। आरोपी को हिरासत में लेकर थाने लाया गया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### समय पर जारी हों प्रमाण-पत्र, शिकायतों का हो प्रभावी निस्तारण: डीएम



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर।

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी डीईजीएस और विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि ई-डिस्ट्रिक्ट के माध्यम से मिलने वाली जनसेवाएं और प्रमाण-पत्र जनता को निर्धारित समयावधि में ही उपलब्ध कराए जाएं। डीएम ने आईजीआरएस पोर्टल और जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण पर जोर देते हुए कहा कि निस्तारण केवल कागजी न होकर गुणवत्तापूर्ण और प्रभावी होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को सचेत किया कि कोई भी शिकायत डिफाल्टर श्रेणी में नहीं जानी चाहिए। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**लहरपुर/सीतापुर।** विकास खंड क्षेत्र के ग्राम धौरहरा में श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ के अवसर पर कलश एवं शोभायात्रा निकाली गई। कथा के मुख्य यजमान और आयोजक लक्ष्मी नारायण शुक्ला ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर यात्रा का शुभारंभ किया। अबीर-गुलाल उड़ाते और भजनों पर झूमते श्रद्धालुओं के साथ यह शोभायात्रा क्षेत्र के प्रसिद्ध सूर्यकुंड मंदिर तक गई। वहां श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर से कलशों में जल भरा और पुन: कथा स्थल पर पहुंचकर उसे पवित्र किया। इस अवसर पर वैदिक आचार्य, राधा मोहन अवस्थी, चंद्र शेखर दीक्षित, आसाराम शुक्ल, ध्रुव दीक्षित, दयाशंकर दीक्षित, सहित भारी संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु उपस्थित रहे।



कलश लिये श्रद्धालु महिलाएं।



गंदे पानी में खड़े होकर विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण व बच्चे। अमृत विचार

### फर्जी रिपोर्ट लगाने से भड़के ग्रामीण, प्रदर्शन

**संवाददाता, गोंदलामऊ। अमृत विचार :** तहसील मिश्रिख के विकास खण्ड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत जेनापुर के मजरा भट्ठापुरवा में ग्रामीण जलभराव की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जिले में तेजतर्रार जिलाधिकारी की तैनाती के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी संवेदनहीन बने हुए हैं। ग्रामीण विकास पाल ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए जब ऑनलाइन शिकायत की गई, तो अधिकारियों ने खेल कर दिया। शिकायत के निस्तारण में गांव के बजाय किसी दूसरे स्थान की फोटो अपलोड कर मामले को कागजों पर ही रफा-दफा कर दिया गया। इस धांधली से नाराज होकर अनिल कुमार, विकास पाल, मोहिनी, राम शंकर, मनोज कुमार, संतोष कुमार सहित करीब आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने गांव में ही प्रदर्शन कर विरोध जताया। हंसराज, वहीं, सहायक विकास अधिकारी हंसराज का कहना है कि मामले की जानकारी मिली है। जलभराव की समस्या का जल्द ही उचित निस्तारण कराया जाएगा।

### पालिका अध्यक्ष ने की अपील, स्वगणना अभियान में बढ़-चढ़कर लें हिस्सा

लहरपुर/सीतापुर।

**अमृत विचार :** भारत सरकार द्वारा संचालित 'स्वगणना' अभियान को लेकर नगर पालिका परिषद के सभागार में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। पालिका अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सभासदों और पालिका कर्मचारियों को अभियान की सफलता के लिए दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने कहा कि जनगणना अभियान के तहत 7 मई से 21 मई तक स्वगणना की सुविधा दी गई है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस डिजिटल पहल में उत्साहपूर्वक सहभागिता करें और निर्धारित पोर्टल पर अपनी जानकारी स्वयं भरें। पालिका अध्यक्ष ने उपस्थित लोगों को मोबाइल के माध्यम से स्वगणना करने की प्रक्रिया का डेमो दिया और पोर्टल पर अपनी जानकारियां भरकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी अनूप राय, नीरज गौड़, मुशीर अहमद, रघुवंश अवस्थी, शेखर वर्मा और मोहम्मद हनीफ सहित अन्य उपस्थित रहे।





कार्यक्रम को संबोधित करते पालिका अध्यक्ष हाजी जावेद। अमृत विचार

### मांस की बिक्री बंद कराने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**लहरपुर।** हिंदू एकता सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी धामिनी एम. दास को एक ज्ञापन सौंपकर ज्येष्ठ माह के दौरान मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। ट्रस्ट के युवा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार राजपूत के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि ज्येष्ठ माह के सभी मंगलवार और शनिवार को मांस की बिक्री को बंद कराया जाए। इस अवसर पर मुख्य रूप से ज्ञान प्रकाश मिश्रा, रविकांत, शिव गोपाल दीक्षित, कुलदीप कुमार, अरुण वर्मा, विकास हिंदू सहित बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



ज्ञापन सौंपते हिंदू एकता सेवा ट्रस्ट के सदस्य।

### परसेंडी के प्राथमिक विद्यालय उमरी में शिक्षा चौपाल आयोजित

**संवाददाता हरगांव, अमृत विचार :** विकास क्षेत्र परसेन्डी के प्राथमिक विद्यालय उमरी में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेरणा गीत आओ हम सब नन्हे बच्चे विद्या गीत सुनाते हैं से हुआ। चौपाल का मुख्य उद्देश्य बच्चों की शिक्षा में अभिभावकों की भागीदारी सुनिश्चित करना था। मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी ऋषिकेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों की शिक्षा अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी और सहयोग से ही संभव है। प्रधानाध्यापक आरिफ मोहम्मद आरिफ ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शिक्षा ही बच्चों के सर्वांगीण विकास की कुंजी है। इस अवसर पर अतिथियों ने विभिन्न कार्यक्रमों के सफल प्रतिभागियों मंजू देवी, आदित्य कुमार, जैकी, नेहा, आरती, अंशू, अनन्या, दीपांशी, नितेश और शिवानी को पुरस्कार वितरित किए।



छात्रा को पुरस्कृत करते अतिथि।

### गन्ना किसानों को मिली उन्नत खेती की ट्रेनिंग



किसानों को गन्ने की उन्नति खेती की जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक।

संवाददाता खैराबाद, सीतापुर,

**अमृत विचार:** अकबरपुर में एनआर इंफ्राकान प्राइवेट लिमिटेड कमलापुर इकाई द्वारा गन्ना किसानों के लिए एक जागरूकता एवं कृषक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों को गन्ने की वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूक कर उनकी आय में वृद्धि करना था।

गन्ना विकास अधिकारी अभिषेक सिंह और गन्ना पर्यवेक्षक विपनेश सिंह ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी। संवाद के दौरान किसानों को मिट्टी परीक्षण के महत्व, रैटून प्रबंधन और समय पर सिंचाई प्रबंधन के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में मौजूद किसान शिव नारायण, डोरे लाल, ओम प्रकाश, नत्था, विष्णु और प्रमोद कुमार ने अपनी फसल संबंधी समस्याएं रखीं, जिनका विशेषज्ञों ने मौके पर ही निस्तारण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे।

### गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक हुए दोस्त, उमड़े लोग

**संवाददाता, लहरपुर/सीतापुर। अमृत विचार :** सड़क हादसे का शिकार हुए मोहल्ला भूलनपुर निवासी दो नौजवान दोस्तों के शव पोस्टमार्टम के बाद जब घर पहुँचे, तो पूरे क्षेत्र में कोहराम मच गया। हर आँख नम थी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। शुक्रवार शाम दोनों को नम आँखों से गुरखेत बाजार कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। लहरपुर-हरगांव मार्ग पर ग्राम कोरैया के पास एक अज्ञात चारपहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार शानू (21) और अनस (22) गंभीर रूप से घायल हो गए थे। शानू की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि अनस ने लखनऊ ले जाते समय दम तोड़ दिया था। जैसे ही दोनों दोस्तों के जनाजे उठे, पूरा क्षेत्र उमड़ पड़ा। मृतक युवकों की मां और बहनों का रो-रोकर बुरा हाल था, जिन्हें ढांढस बंधाने में हर कोई बेबस नजर आया। गुरखेत बाजार मस्जिद के इमाम ने नमाजे जनाजा पढ़ाई, जिसके बाद दोनों को दफन किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद, मोहम्मद शफी, मोहम्मद हसीन अंसारी, मुफ्ती सलमान, कारी अनवार, मुफ्ती सुफियान और हाजी सगीर अहमद सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

### मेस की सुविधा नहीं, दिए सख्त निर्देश

**सीतापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आलोक यादव ने वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शेल्टर होम में ड्यूटी रोस्टर के अनुसार समस्त स्टाफ उपस्थित मिला। सचिव ने वहां रह रहीं बालिकाओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं को जाना और सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय अधीक्षक ने बताया कि वर्तमान में मेस की सुविधा न होने के कारण भोजन बाहर से मंगाना पड़ता है। साथ ही, विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर जनरेटर न होने से कार्य में समस्या आती है।

### हादसे को दावत देता जर्जर विद्युत पोल

**सीतापुर।** शहर के घूरामऊ बंगला मोहल्ले में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। मोहल्ले में लगा एक लोहे का विद्युत पोल पूरी तरह जर्जर होकर खतरे का सबब बन गया है। पोल के चारों ओर लंबे समय से हो रहे जलभराव और गंदगी के कारण इसका निचला हिस्सा गल चुका है। पोल पर बिजली के तारों का भारी जाल फैला हुआ है, जिससे इसके किसी भी समय धराशायी होने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जलभराव और जर्जर पोल के कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन संबंधित अधिकारी सब कुछ जानकर भी अनजान बने हुए हैं। मोहल्ले वासियों ने जल्द पोल बदलवाने और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।



घूरामऊ बंगले में सड़क किनारे लगा जर्जर विद्युत पोल।

न्यूज ब्रीफ

## डीएम ने अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र का किया निरीक्षण

**रायबरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने जगतपुर की ग्राम पंचायत भीख में निर्मित प्लास्टिक वेस्ट अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र एवं ग्राम पंचायत जगतपुर में निर्मित ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र, आरआरसी, कम्पोस्ट पिट तथा फिल्टर चैम्बर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह एवं खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार त्रिपाठी को रोस्टर बनाकर प्लास्टिक अपशिष्ट एकत्रित करने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग को प्लास्टिक अपशिष्ट केन्द्रों से प्राप्त प्लास्टिक को सड़क निर्माण के कार्यों में उपयोग किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता के अनुरूप गांवों में स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित वातावरण बनाए रखने हेतु सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। निरीक्षण के दौरान जिला सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) राहुल सिंह, प्रेरित कटियार, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) अनिल कुमार एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## पति से विवाद पर महिला ने खाया जहर, मौत

**महराजगंज, अमृत विचार :** पति से कहासुनी से क्षुब्ध होकर महिला ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे आनन-फानन सीएचसी अमावां ले गए, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई। गुरुवार रात चंदापुर क्षेत्र के ओलीपुर मजरे समरहदा गांव में निवासी अखिलेश की पत्नी प्रीति से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिससे क्षुब्ध होकर प्रीति ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी अमावा ले गए, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया परिजन जिला अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही चंदापुर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। चंदापुर थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया छानबीन की जा रही है।

## रेलवे स्टेशन पर अज्ञात व्यक्ति का मिला शव

**बछरावां, अमृत विचार :** बछरावां रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार की सुबह एक बुजुर्ग का शव मिलने से हड़कंप मच गया। यात्रियों की सूचना पर पहुंची आरपीएफ ने बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया वहां पर डॉक्टर ने उसे मृत बताया। आरपीएफ चौकी इंचार्ज सीबी राय ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 60 वर्ष के आसपास है। वह प्लेटफार्म की एक बेंच पर सोया हुआ था। पहले लोगों ने समझा कि वह सो रहा है, लेकिन जब वह सुबह तक नहीं उठा तो यात्रियों ने उसे उठाने का प्रयास किया। कोई हरकत नहीं किया। मृतक के पास कोई भी पहचान पत्र न ही टिकट नहीं मिला है।

## स्कूल में कार्यशाला आयोजित

**रायबरेली, अमृत विचार :** आनंद पब्लिक स्कूल पूरबगाव में लोकगीतों पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रशिक्षण "की व्यंजना रेपेट्री" की कलाकार शाम्भवी शुक्ला द्वारा दिया गया। कार्यशाला में बच्चों को सरल एवं रोचक ढंग से लोकगीतों तथा उत्तर प्रदेश की लोकसंगीत परंपरा के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों ने पूरे उत्साह एवं रुचि के साथ गीतों को सीखा और कार्यशाला में सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राकेश त्रिपाठी एवं अंजू त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत, किशोर घायल

**खीरों (रायबरेली)**

**अमृत विचार।** उन्नाव-लालगंज मुख्यमार्ग पर विद्युत उपकेन्द्र सेमरी के पास दो बाइकों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। जिसमें एक युवक की मौत हो गई। जबकि किशोर घायल हो गया।

फतेहपुर जिले के थाना क्षेत्र कल्यानपुर के गांव मोदकीपुर निवासी रामू गौतम (30) पुत्र फूलचंद्र गौतम शुक्रवार को अपने साले सर्वेश कुमार गौतम के बेटे शिवांश गौतम (10) के साथ अपनी बाइक द्वारा उन्नाव जिले के कस्बा बिहार से वापस वंशीखेड़ा वापस जा रहे थे। रास्ते में उन्नाव-लालगंज मुख्यमार्ग पर विद्युत उपकेन्द्र सेमरी के पास सामने से आ रहे अज्ञात बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे रामू गौतम और शिवांश गौतम घायल हो गए। पुलिस चौकी सेमरी प्रभारी कुलदीप सिंह बुंदेला ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी लालगंज पहुंचाया, जहां पहुंचते ही डाक्टरों ने रामू गौतम को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल शिवांश गौतम को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस चौकी सेमरी प्रभारी कुलदीप सिंह बुंदेला ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के जरिए अज्ञात बाइक सवार का पता लगाया जा रहा है।

# जिद पर अड़ी खाकी ने 24 घंटे में खोजा चोरी गया मासूम

**संवाददाता, रायबरेली**

**आरोपी गिरफ्तार**

- बच्चे की मृत्यु और फिर संतान न होने की चिंता में डूबी महिला ने बनाया था बच्चा चोरी का प्लान

**अमृत विचार।** गुरुवार को भदोखर थाना क्षेत्र के बेला भेला सीएचसी से बच्चा चोरी होने की खबर से परिजनों में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस के हाथपांव फूल गए। बिना वक्त गंवाए खाकी मौके पर पहुंची और तुरंत पुलिस टीम गठित कर बच्चा चोरों की तलाश शुरू कर दी। एड़ीचोटी का जोर लगाने वाली खाकी पसीना-पसीना हो गई। फिलहाल वह अंतिम क्षण तक पूरी ताकत के साथ उस चोरी हुए बच्चे को सकुशल बरामद करने की जिद पर अड़ी पुलिस को आखिरकार 24 घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद सफलता हाथ लगी।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित किरण हाल में क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार नौहार ने बच्चा चोरी की घटना का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि संतान न होने तथा पूर्व में जन्मे बच्चे की मृत्यु हो जाने के कारण उसने अपने पति राहुल व बहन नमिता के साथ मिलकर बच्चा चोरी की योजना बनाई थी। वर्षा एवं उसकी बहन नमिता अस्पताल के अंदर गई, जहां एक महिला अपने छोटे बच्चे को लेकर दवा कराने आई थी। वर्षा ने महिला को दवा दिलाने का बहाना बनाकर बच्चे को गोद में ले लिया और नमिता पीड़िता को दूसरी ओर दवा दिलाने के बहाने ले गई। इस बीच मां को बेटे से दूर करने में सफल हुई महिला आरोपियों ने मौका पाकर बच्चे को लेकर अस्पताल से बाहर निकल गई। सीएचसी के बाहर खड़े राहुल की मोटरसाइकिल पर बैठकर महिला आरोपी चुराये गए बच्चे को लेकर घर चली गई। सीओ सिटी ने बताया कि आरोपी राहुल त्रिवेदी पुत्र प्रमोद त्रिवेदी, वर्षा त्रिवेदी पत्नी राहुल त्रिवेदी निवासी पूरे टईया मजरे भखरवारा थाना भदोखर, नमिता पत्नी सत्येन्द्र तिवारी निवासी परिगवां थाना मिल एरिया को थाना क्षेत्र के बेहटा सर्विस रोड से चोरी किए गए बच्चे व घटना में उपयोग की गई मोटरसाइकिल के साथ उन्हें गिरफ्तार जेल भेजा गया है।



वारदात का खुलासा करते सीओ सिटी अरुण कुमार नौहार। अमृत विचार

# सड़क दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत

## शहर, सलोन और लालगंज कोतवाली क्षेत्र में हुए हादसे, घायलों को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** जिले में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में सेवानिवृत्त कर्मी समेत चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पहली घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइन चौराहे पर हुई। यहां पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार एक सेवानिवृत्त कर्मचारी को जोरदार टक्कर मार दी। मौके पर मौजूद यातायात पुलिस कर्मी ने मानवता दिखाते हुए तत्काल घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई और कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान अशोक कुमार त्रिपाठी पुत्र गया दत्त त्रिपाठी निवासी जवाहर विहार थाना मिल एरिया के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।सिविल लाइन चौकी इंचार्ज कपिल चौहान ने बताया कि ट्रक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है।



अंशुमान यादव की फाइल फोटो।



जांच करती सलोन पुलिस। अमृत विचार

दूसरी घटना में रायबरेली-जौनपुर नेशनल हाइवे रग्घुपुर के समीप इनोवा कार से टकराकर बुलेट सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि युवक का चेहरा पहचान मुश्किल हो गया। डीह थाना क्षेत्र के पीढ़ी वीरगंज बाजार निवासी अंशुमान यादव (22) पुत्र महेश नारायण यादव दो दिन पूर्व प्रयागराज से लौटकर अपने दोस्त रॉबिन निवासी कस्बा सलोन के यहां रुका हुआ था। शुक्रवार को अपने सभी दोस्तों के साथ युवक गहरवार का पुरवा निवासी चन्द्र प्रकाश पटेल के यहां तिलक समारोह में होने जा रहा था। युवक अकेले ही बुलेट से गांव के लिए बगैर हेलमेट पहने निकला था। इसी बीच रग्घुपुर स्थित रेस्टोरेंट के समीप इनोवा कार से बुलेट सवार युवक की जोरदार भिड़ंत हो गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि युवक कार की सीट पर जा गिरा। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगो ने कार में फंसे युवक के क्षत विक्षत शव को निकालकर पुलिस को सूचित किया।व ही घायल चालक को तुरंत प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। युवक की मौत की खबर जैसे ही परिवार को हुई तो घर मे मातम छा गया। मृतक के पिता बेटे के शव को देखकर बेसुध हो गए। कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

तीसरी घटना लालगंज तहसील क्षेत्र में हुई। सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक रामू पुत्र फूलचंद निवासी गोविंदपुर थाना कल्याणपुर जिला फतेहपुर की दर्दनाक मौत हो गई है। वहीं बाइक में ही बैठा 10 वर्षीय भतीजा शिवांश पुत्र सर्वेश घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार रामू अपनी ससुराल तकिया आया हुआ था जहां से सेमरी चौराहे सर्वेश के निर्माणाधीन मकान में लोगों को खाना देने जा रहा था। तभी रास्ते में एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिससे रामू और शिवांश गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस के द्वारा उसे लालगंज सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शिवांश को प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। मृतक रामू अपने पीछे पत्नी सुमन और पुत्र पप्पू को छोड़ गया है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**सलोन (रायबरेली)।** निमंत्रण से घर लौट रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना 7/8 की रात्रि लगभग 12 बजे की है। शिवकुमार गौतम (37) पुत्र कालिका प्रसाद निवासी कन्दरावा अम्बेडकर नगर थाना ऊंचाहार बीती रात सलोन क्षेत्र में निमंत्रण करने आया हुआ था।युवक रात में बाइक से घर लौट रहा था। सलोन-ऊँचाहार मार्ग लक्ष्मीगंज चौराहा समसपुर खलसा के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम ने बताया कि सड़क दुर्घटना में ऊँचाहार क्षेत्र के युवक की मौत हुई है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

### पेंसिल लेने जा रहे छात्र को बाइक ने मारी टक्कर

**महराजगंज।** ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अकबरगंज में शुक्रवार को कक्षा दो का छात्र अमन दुकान से पेंसिल लाने को कहकर स्कूल से बाहर निकल कर सड़क पर पैदल जा रहा था। तभी ओसाह की तरफ से शिवगढ़ की ओर जा रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद अनियंत्रित होकर बाइक सवार देशराज भी गिरकर घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों व शिक्षकों ने छात्र के परिजनों को सूचना देकर सीएचसी शिवगढ़ ले गए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद छात्र अमन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार ने बताया कि छात्र अमन पेंसिल लाने के लिए स्कूल से बाहर गया था। तभी सूचना मिली कि बाइक सवार से उसकी टक्कर हो गई।

# अनोखी बारात, लग्जरी कार न बग्घी, ट्रैक्टर चला पहुंचा दूल्हा

**संवाददाता, रायबरेली**

- जोहवानटकी गांव में बारात देखने के लिए लगी लोगों की भीड़

**अमृत विचार।** एक ऐसी अनोखी बारात, जिसने भी देखा वह देखता रह गया। जी हां बात बारात में दूल्हे के वाहन की हम कर रहे हैं। शादियों में आमतौर पर दूल्हे को लग्जरी कार, घोड़ी या बग्घी पर सवार होकर बारात ले जाते देखा जाता है, लेकिन डलमऊ तहसील क्षेत्र के जोहवानटकी गांव में एक अनोखी बारात लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गई। यहां दूल्हा पारंपरिक दिखावे से हटकर खुद ट्रैक्टर चलाकर बारात लेकर पहुंचा और अगवानी के समय बाराती डीजे ढोल नगाड़ों पर थिरक रहे थे। दूसरी तरफ दूल्हा खुद ट्रैक्टर चलाकर अगवानी पहुंचा। बताया जा रहा है कि दूल्हे ने कुछ दिनों पहले ट्रैक्टर को खरीदा था।

आधुनिक दौर में जहां शादियों में हाई-प्रोफाइल और लग्जरी गाड़ियों में होने लगी है। वहीं जोहवानटकी गांव स्थित देवी सेवक प्रजापति परिवार में आई इस बारात को देखने के लिए गांव और आसपास के लोग बड़ी संख्या में जुट गए। दूल्हे का ट्रैक्टर चलाकर बारात में शामिल होना लोगों को काफी पसंद आया। बारातियों ने भी इस अनोखे अंदाज का जमकर आनंद लिया और कई लोगों ने वीडियो व तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं।ग्रामीणों का कहना है कि यह बारात सादगी, ग्रामीण संस्कृति और अपनी जड़ों से जुड़े रहने का संदेश दे रही है। जहां एक ओर शादियों में बढ़ते खर्च और दिखावे का दौर है, वहीं दूल्हे का यह कदम लोगों के लिए प्रेरणादायक बन गया। बारात में शामिल लोगों ने बताया कि दूल्हे का ट्रैक्टर प्रेम और खेती-किसानी से जुड़ाव पहले से ही रहा है, इसलिए उसने शादी के खास मौके पर भी उसी अंदाज को चुना। फिलहाल यह अनोखी बारात पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# एनटीपीसी कर्मचारी कल्याण समिति के चुनाव में इंटक यूनियन का कब्जा

**ऊंचाहार (रायबरेली)**

**अमृत विचार।** एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में कर्मचारियों की कल्याणकारी संस्था जागृति क्लब तथा क्रीड़ा परिषद की नई कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। परियोजना के महाप्रबंधक (प्रचालन) दिलीप कुमार साहू चुनाव अधिकारी रहे जिनके मार्ग दर्शन में दोनों समितियों का चुनाव कराया गया। जागृति क्लब के चुनाव में इंटक यूनियन के पदाधिकारी नागेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी रूपेश कुमार को तिरासी मतों से हराया। जबकि संयुक्त सचिव पद पर सुरेन्द्र बिंद ने दो सौ वोट हासिल करके वीरेंद्र यादव को एक सौ छह मतों से मात देकर रेकॉर्ड कायम कर दिया।

इंटक यूनियन समर्थित लघु शंकर यादव, घनश्याम मिश्रा, गौतम निषाद, राम सहाय तथा रोहित आर्या ने सदस्य पद पर एकतरफा जीत हासिल की। अवंतिका नेगी भी चुनाव जीतने में सफल रही। इसी प्रकार क्रीड़ा परिषद के चुनाव में जसवंत मीणा सचिव और विक्रांत सिंह ने संयुक्त सचिव का चुनाव जीतने में सफल रहे। गीतांजलि, हार्दिक गुप्ता, मुकेश कुमार, शौर्य कुमार तथा विनीत ने भारी मतों से सदस्य पद के लिए चुने गए। इंटक यूनियन के एकतरफा जीत पर इंटक यूनियन अध्यक्ष आज्ञा शरण सिंह तथा महासचिव राहुल कनौजिया ने सभी कर्मचारियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि नए पदाधिकारी उनकी कसौटी पर खरे उतरने के साथ अपने संकल्पों को पूरा करने का भरपूर प्रयास करेंगे। प्रतिष्ठा बन चुके इस चुनाव में इंटक यूनियन के शानदार प्रदर्शन पर परियोजना प्रमुख बिस्व मोहन सिंह, मानव संसाधन प्रमुख पंकज कुमार, सभी विभागाध्यक्ष, एनटीपीसी अधिकारी संघ के पूर्व अध्यक्ष शशिकांत राय तथा उनके समर्थक अधिकारी एनटीपीसी का शीर्ष प्रबंधन तथा इंटक के केंद्रीय नेता बाबर सलीम पाशा एवं के पी चंद्रवंशी ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान इंटक नेता शिव राम ओझा, राहुल कनौजिया, मत्सेंद्र दुबे, रचना पाल, मनोज तिवारी, शिवम सिंह आदि रहे।



चुनाव जीतने के बाद जश्न मनाते इंटक पदाधिकारी। अमृत विचार

## सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के स्थापना दिवस पर भंडारा आयोजित

**सरेनी, अमृत विचार।** विकासखंड सरेनी के सगरा गांव स्थित देवधाम सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में शुक्रवार को पांचवें स्थापना दिवस के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक काली शंकर द्विवेदी ने कहा कि देवधाम सिद्धेश्वर महादेव मंदिर केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और सेवा भाव का प्रतीक भी बन चुका है। इस मौके पर राजेश कुमार द्विवेदी, अखिलेश कुमार द्विवेदी, बृजेश कुमार द्विवेदी, देवेश कुमार द्विवेदी, योगेश कुमार द्विवेदी, अभिषेक कुमार द्विवेदी, सर्वेश कुमार द्विवेदी, सोमेश कुमार द्विवेदी, रूपेश कुमार द्विवेदी, नागेश कुमार द्विवेदी, राघव कुमार द्विवेदी, डॉ. अनिल सिंह, गोवर्धन अग्निहोत्री, शैलेश कुमार मिश्रा, गौरव शुक्ला सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।



सिद्धेश्वर महादेव मंदिर।

## सदर विधायक ने विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**अमावां, अमृत विचार।** शुक्रवार को ब्लॉक मुख्यालय सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विकास क्षेत्र में कराए गए 16 विकास कार्यों का मुख्य अतिथि सदर विधायक अदिति सिंह ने लोकार्पण किया। क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक में जनप्रतिनिधियों ने ब्लॉक प्रमुख वैशाली सिंह के समक्ष शिकायत की। क्षेत्र में जल जीवन मिशन द्वारा कराए जा रहे कार्यों में लगे कर्मचारी सड़क खराब कर देते हैं उसके बाद उसकी मरम्मत तक नहीं करते हैं। जिसके चलते क्षेत्र की सड़के ध्वस्त हो चुकी हैं। ब्लॉक प्रमुख ने जल जीवन मिशन कार्य कराए जाने के दौरान खराब सड़कों का सत्यापन कराकर उच्चाधिकारियों को प्रेषित करने का प्रस्ताव किया। बैठक में नए कार्यों का प्रस्ताव भी सदस्यों ने ब्लॉक प्रमुख के सामने प्रस्तुत किया। इसके बाद सदर विधायक व ब्लॉक प्रमुख द्वारा ट्राई साइकिलों का वितरण किया गया। और क्षेत्र में कराए गए 16 विकास कार्यों का सदर विधायक द्वारा लोकार्पण किया गया। इस मौके पर पशु चिकित्सा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, एडीओ पंचायत, जेई लघु सिंचाई विभाग व अन्य सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



दिव्यांग को ट्राई साइकिल प्रदान करतीं विधायक।

## 13 वर्षों से जनता की सेवा में समर्पित है लालगंज रघुवीर हॉस्पिटल

**लालगंज (रायबरेली) अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी व इंडियन नर्सिंग काउंसिल भारत सरकार के द्वारा मान्यता प्राप्त रघुवीर हॉस्पिटल एंड रघुवीर इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज रघुवीर धाम महेश नगर लालगंज में मेडिकल से संबंधित विभिन्न व्यावसायिक विषयों में प्रैक्टिकल के साथ-साथ भौतिक शिक्षा देने का उत्कृष्ट प्रयास किया जाता है। इंस्टिट्यूट की प्रबंध निदेशक डॉ मोनिका मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रारंभ है जिनमें खासतौर से जीएनएम 3 वर्षीय व्यावसायिक कोर्स के लिए सरकार के द्वारा प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है जिसके लिए संस्थान से रजिस्ट्रेशन की सुविधा प्रदान की जाती है। प्रवेश परीक्षा अटल बिहारी यूनिवर्सिटी कराती है, रघुवीर इंस्टीट्यूट रजिस्ट्रेशन के साथ-साथ बच्चों को प्रवेश परीक्षा की तैयारी भी कराता है। वहीं सीधे प्रवेश के लिए 2 वर्षीय एएनएम ,ओटी टेक्नीशियन , ईटीसीटी आदि व्यावसायिक मेडिकल कोर्सों में भी प्रवेश प्रारंभ है। एडमिशन के लिए बच्चों को इंटर पास होना चाहिए। वही रघुवीर इंस्टिट्यूट के अध्यक्ष रमेश कुमार दीक्षित ने बताया कि विगत 13 वर्षों से रघुवीर इंस्टिट्यूट सर्वश्रेष्ठ रिजल्ट देने वाला एकमात्र संस्थान है। रघुवीर इंस्टीट्यूट से निकले हुए बच्चे विभिन्न सरकारी एवं बड़े नर्सिंग होमो में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। गौरतलब है कि समय-समय पर रघुवीर इंस्टीट्यूट की प्रबंध निदेशक डॉक्टर मोनिका मिश्रा के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में भी कैंप लगाकर नि:शुल्क दवा वितरण भी किया जाता है।



डॉ. मोनिका मिश्रा।

## सप्लाई बंद कराकर ट्रॉली ट्रांसफार्मर से बाहर निकाला गया बंदर

**बछरावां, अमृत विचार।** कस्बे के मुख्य चौराहे पर पिछले छह माह से रखा ट्रॉली ट्रांसफार्मर लगातार हादसों को दावत दे रहा है, लेकिन विद्युत विभाग अब तक बेपरवाह बना हुआ है। शुक्रवार सुबह एक बंदर पास के पीपल के पेड़ से गिरकर ट्रांसफार्मर के अंदर फंस गया। उस समय बिजली सप्लाई चालू थी, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था। आसपास मौजूद लोगों और बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने तुरंत पावर हाउस को सूचना देकर सप्लाई बंद कराई और बंदर को सुरक्षित बाहर निकालकर उसका उपचार कराया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह ट्रांसफार्मर लंबे समय से मुख्य चौराहे पर रखा है, जहां रोडवेज बसें रुकती हैं और राहगीर भी छांव में बैठते हैं। लोगों ने विभागीय लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए ट्रांसफार्मर को तत्काल हटाने और स्थायी ट्रांसफार्मर ठीक कराने की मांग की है, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।



ट्रॉली ट्रांसफार्मर के अंदर फंसा बंदर।

## टेंट लगाने के विवाद में मारपीट, 10 नामजद

**महराजगंज (रायबरेली), अमृत विचार।** बीते छह मई को क्षेत्र के खुदायगंज मजरे बावन बुजुर्गुल्ला में दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में हल्का दरोगा दिनेश गोस्वामी की तहरीर पर पुलिस ने शुक्रवार को शांति भंग की धाराओं में 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। हल्का दरोगा दिनेश गोस्वामी ने दी गई तहरीर में बताया कि दो पक्षों में मारपीट की सूचना पीआरबी द्वारा मिलने पर मय हमराह शत्रुजीत राय, संदीप यादव, रीमा, विनीतादेवी, को साथ लेकर सेकंड मोबाइल गाड़ी से खुदागंज पहुंचे तो पता चला कन्हैया लाल पुत्र रामचरण के घर में 4 मई को बेटी की शादी थी। शादी के दिन आने जाने के रास्ते पर टेंट लगे होने के कारण विपक्षी राम प्रताप पुत्र रामपाल द्वारा विवाद हुआ था। विवाद के चलते 6 अप्रैल को फिर से दोनों पक्षों में मारपीट हो गई जिसमें एक पक्ष से महेश, रामचरण, रज्जू देवी, सावित्री, बबली, व दूसरे पक्ष से राम प्रताप, रामपाल, मनोज कुमार, आदि घायल हुए थे, जिन्हें सीएचसी लाया गया। दोनों पक्षों से कन्हैया लाल महेश रामचरण रज्जू देवी सावित्री बबली राम प्रताप मनोज अमित रंजीत समेत 10 लोगों के खिलाफ कार्यवाही की गई है। मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया दस लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर शांति भंग की धाराओं में कार्रवाई की गई है।

सुविधा

## मुख्यमंत्री कम्पोजिट मॉडल विद्यालय के भूमि पूजन के साथ शुरू हुआ निर्माण

# ओसाह में 25 करोड़ रुपये से बनेगा मुख्यमंत्री कम्पोजिट मॉडल विद्यालय

**शिवगढ़ (रायबरेली)**

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत ओसाह में शुक्रवार को ग्राम प्रधान मनोज कुमार त्रिवेदी द्वारा विधिविधान पूर्वक भूमि पूजन कर मुख्यमंत्री कम्पोजिट मॉडल विद्यालय के निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया गया। विद्यालय का निर्माण शुरु होने से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। ग्राम प्रधान मनोज कुमार त्रिवेदी ने बताया कि 25 करोड़ की लागत से बनने वाले इस विद्यालय का निर्माण आवास विकास द्वारा किया जाएगा, जिसकी प्रथम किस्त 12.40 करोड़ रुपए आ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत ओसाह को मुख्यमंत्री कम्पोजिट मॉडल विद्यालय की सौगात दिलाने का श्रेय ऊंचाहार विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. मनोज पाण्डेय को जाता है। साथ ही उन्होंने बताया कि उनके पिता राकेश कुमार त्रिवेदी उर्फ आलू महाराज के सार्थक प्रयासों से क्षेत्र को यह महत्वपूर्ण शैक्षणिक सौगात मिली है।

प्रधान मनोज कुमार त्रिवेदी सहित ग्रामीणों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. मनोज पाण्डेय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय बनने से क्षेत्र के बच्चों को अच्छी एवं बेहतर शिक्षा व्यवस्था मिलेगी। इस अवसर पर संजय मोहन त्रिवेदी, मनोज त्रिपाठी, क्षेत्र पंचायत सदस्य मालती देवी, राजेश यादव, राकेश रावत, अखिलेश कुमार, अंकित शुक्ला, मंसाराम यादव आदि उपस्थित रहे।





विद्यालय निर्माण का पूजन कर शुभारम्भ करते प्रधान मनोज कुमार त्रिवेदी व मौजूद ग्रामीण।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने जनगणना का स्वगणना से किया शुभारंभ

**लालगंज (रायबरेली), अमृत विचार।** भारत की जनगणना को आधुनिक और सुगम बनाने के उद्देश्य से संचालित 'स्वगणना' कार्यक्रम का नगर पंचायत लालगंज में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ शुभारंभ हुआ।। नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने इस राष्ट्रीय अभियान में स्वयं मिसाल पेश करते हुए अपने परिवार की जनगणना संबंधी जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज की और कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अध्यक्ष ने डिजिटल इंडिया की सार्थकता को सिद्ध करते हुए कहा कि स्वगणना न केवल नागरिकों को सशक्त बनाती है, बल्कि इससे प्राप्त डेटा की शुद्धता विकास योजनाओं के सटीक क्रियान्वयन में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने सभी सभासदों से आह्वान किया कि वे वार्ड स्तर पर जन-जागरूकता बढ़ाएं ताकि नगर का प्रत्येक निवासी बिना किसी झिझक के अपनी गणना स्वयं कर सके। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत प्रशासन ने भी नागरिकों को हर संभव तकनीकी सहायता देने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर नगर पंचायत के स्वच्छ भारत अभियान के एंबेसडर कांग्रेस के वरिष्ठ लीडर दीपेंद्र गुप्ता ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।



जनगणना कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता व दीपेंद्र गुप्ता।

## न्यूज ब्रीफ

### खेलते समय नाले में डूबकर तीन वर्षीय बच्चे की मौत

**अमेठी, अमृत विचार :** कस्बे के रणवीर नगर मोहल्ले में शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हो गया। खेलते समय तीन वर्षीय मासूम नाले में गिर गया, जिससे उसकी डूबकर मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। मृतक की पहचान रौनक सिंह पुत्र धीरज सिंह जिसकी उम्र 3 के रूप में हुई है। परिजनों ने काफी देर तक बच्चे की तलाश की,काफी देर बाद में उसे नाले से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। कोतवाली प्रभारी श्री राम पाण्डेय ने बताया कि परिवारजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया है और तहरीर भी नहीं दी गई है।

### भाजपा गेगासो मंडल की बैठक संपंन

**लालगंज (रायबरेली), अमृत विचार :** भाजपा के वरिष्ठ नेता और गेगासों मंडल के प्रवासी बनाए गए जेपी सिंह ने संगठन का बूथ स्तर तक ताना-बाना ठीक करने के लिए बैठक किया। उन्होंने मंडल अध्यक्ष विजय और महामंत्री नीरज पांडे, दल बहादुर सिंह के सहयोग से सभी शक्ति केंद्रों पर प्रभारी भी नियुक्त किया। मंडल महामंत्री दल बहादुर सिंह चिलौला शक्ति केंद्र के प्रभारी बनाए गए। इस अवसर पर बोलते हुए भाजपा नेता जेपी सिंह ने कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव होने हैं। संगठन को हर हाल में उसके पहले सक्रिय करना है। इस अवसर पर भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला, अभिषेक शुक्ला, राजेश पांडे, रविंद्र मिश्रा, वीरेंद्र पटेल, शीतला प्रसाद, आशीष कुमार आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### व्यापार मंडल ने एसडीएम से की मुलाकात

**डीह (रायबरेली) :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की डीह इकाई के ब्लॉक अध्यक्ष श्रवण कुमार अग्रहरि के नेतृत्व में दर्जनों व्यापारियों ने नवागत उपजिलाधिकारी मिथलेश कुमार त्रिपाठी से शिष्टाचार भेंट की। व्यापारियों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। उपजिलाधिकारी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र निस्तारण का भरोसा दिलाया। सलोन में पूर्व तैनाती के दौरान उनकी न्यायप्रिय कार्यशैली से किसानों, व्यापारियों और आम लोगों में विश्वास कायम है। इस दौरान कुसुमचंद यादव, रामेश्वर यादव, विवेक अग्रहरि, मो. इमरान, अरमान और प्रताप यादव सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे।

### पूर्व सपा विधायक पर दर्ज केस में बहस 14 को

**सुल्तानपुर, अमृत विचार :** कादीपुर के पूर्व सपा विधायक रामचन्दर चौधरी व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के खिलाफ दर्ज केस में शुक्रवार को नहीं हो सकी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया कोर्ट न्यायाधीश राकेश की अदालत में बहस के लिए 14 मई की तारीख निर्धारित की है। 17 दिसंबर 2002 को कादीपुर के संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के पास सड़क दुर्घटना में छात्रा पूनम श्रीवास्तव की मौत हो जाने पर लोगों ने सड़क जामकर प्रदर्शन किया था। तत्कालीन कोतवाल शिवराज सिंह ने पूर्व सपा विधायक राम चन्दर चौधरी व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा समेत कई अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

# सड़क हादसों में महिला समेत चार की मौत

## वाहन ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, युवक की मौत, पत्नी-भांजी घायल, परिजनों में मचा रहा कोहराम

सिंहपुर (अमेठी)



धर्मेंद्र की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** गुरुवार देर रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की टक्कर से हुए इस हादसे में युवक की पत्नी और भांजी गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं अन्य क्षेत्रों में हुए अलग-अलग हादसों में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। हादसों में हुई मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा।

घटना इन्हौना थाना क्षेत्र के हिंदुस्तान ढाबे के पास हुई। बिझौरा गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार (28) अपनी पत्नी खुशबू और भांजी शिवानी के साथ बाइक से इन्हौना बाजार से अपने गांव लौट रहे थे। ढाबे के सामने पहुंचते ही एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही इन्हौना थाना प्रभारी विवेक सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एंबुलेंस की मदद से घायलों को सिंहपुर सीएचसी पहुंचाया गया।



हादसे के बाद बैठे गमगीन परिजन। अमृत विचार

वहां डॉक्टरों ने धर्मेंद्र कुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि उनकी पत्नी और भांजी का इलाज जारी है। टक्कर मारने वाला वाहन मौके से फरार हो गया।

थाना प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हुई है। पुलिस हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि हादसे को अंजाम देने वाले वाहन का पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपी वाहन चालक को पकड़ लिया जाएगा और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की गई जान, जामो (अमेठी):** जामो थाना क्षेत्र के पूरे पंडित का पुरवा गांव के पास भगवान दीन दुबे का पुरवा गांव का रहने वाला 47 वर्षीय ई-रिक्शा चालक राजेश यादव पुत्र शंभू यादव का शव गांव के कुछ दूर स्थित चौराहे पर झाड़ियों में मिला। पास में ही उसका ई-रिक्शा खड़ा था शव को देखते ही स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद जामो पुलिस मौके पर पहुंची और। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच में जुट गई है। थाना अध्यक्ष विनोद सिंह ने बताया कि मृतक ई रिक्शा चालक अपने परिवार को जगदीशपुर छोड़कर अपने घर वापस जा रहा था। वह सड़क किनारे शौच के लिए उतरा था तभी किसी अज्ञाक्त वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई है। सीसीटीबी के फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।परिजनों द्वारा तहरीर दी जा रही है।तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, जगदीशपुर:** कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि घटना स्थल पर मौजूद एक अन्य युवक भी वाहन की चपेट में आकर घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, टोडर का पुरवा मोहनगंज निवासी 45 वर्षीय संतोष सिंह गुरुवार रात बाइक से कहीं जा रहे थे। तभी रायबरेली-अयोध्या मार्ग स्थित मरौचा तेतारपुर गांव के पास किसी तेज रफ्तार चारपहिया वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में संतोष सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं हादसे के बाद मौके पर जुटी भीड़ में पहुंचे बाइक सवार पूरे लाल केसरी, मरौचा तेतारपुर निवासी वीरेंद्र यादव भी किसी वाहन की टक्कर से घायल हो गए। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।

एसएचओ धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि मृतक के साले की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से महिला की मौत

**अमेठी, अमृत विचार।** गौरीगंज-सैंठा मार्ग पर पठानपुर मोड़ के पास शुक्रवार को तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से पठानपुर निवासी मायावती (40) की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका की बेटी ममता ने बताया कि उनकी मां मायावती 19 जून को होने वाले पारिवारिक वैवाहिक कार्यक्रम की तैयारी के लिए गौरीगंज जा रही थीं। इसी दौरान गांव के मोड़ पर अनियंत्रित डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद डंपर सड़क किनारे खड्ड में उतर गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल मायावती को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं इंस्पेक्टर रवि सिंह ने बताया कि डंपर को कब्जे में ले लिया गया है और चालक की तलाश की जा रही है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# डीआईओएस ने कक्षा 9-10 का संचालन बंद करने के दिए निर्देश

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जिले के गुंगुवाछ ग्राम सभा में संचालित "मां गायत्री मेमोरियल पब्लिक स्कूल" पर जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश द्विवेदी ने शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान बड़ी कार्रवाई की। जांच के दौरान विद्यालय में कई गंभीर खामियां पाई गईं, जिसके बाद कक्षा 9 और 10 के अवैध संचालन को तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए गए। साथ उन्होंने स्कूल संचालक से मिलीं खामियों को लेकर स्पष्टीकरण तलब किया है।

जानकारी के मुताबिक विद्यालय को केवल कक्षा 5 तक के लिए एक वर्ष की अस्थाई मान्यता प्राप्त थी, लेकिन इसके बावजूद यहां कक्षा 10 तक पढ़ाई कराई जा रही थी। विद्यालय में करीब 400 बच्चे पंजीकृत बताए गए हैं। सबसे गंभीर बात यह सामने आई कि स्कूल 220 केवीए पावर हाउस के ठीक बगल में संचालित हो रहा था, जिससे बच्चों की सुरक्षा पर बड़ा खतरा मंडरा रहा था। निरीक्षण के दौरान बच्चों ने भी स्वीकार किया कि उन्हें किताबें केवल एक ही दुकान से खरीदने के लिए मजबूर किया जाता था। गांव निवासी रमाशंकर तिवारी ने जिलाधिकारी को पत्र देकर विद्यालय के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि अस्थाई मान्यता के आधार पर कई वर्षों से विद्यालय का अवैध संचालन किया जा रहा है। साथ ही यह भी आरोप है कि विद्यालय की मान्यता जिस स्थान के लिए ली गई थी, वहां से करीब 2 किलोमीटर दूर स्कूल संचालित किया जा रहा है। वहीं अब कक्षा 1 से 8 तक के संचालन की जांच जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीएसए अमेठी द्वारा अलग से की जाएगी।

**मांगा स्पष्टीकरण**

- निरीक्षण के दौरान विद्यालय में मिलीं कई खामियां



विद्यालय का निरीक्षण करते डीआईओएस डॉ. राजेश द्विवेदी।

# बाइकों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत और दो लोग घायल

जगदीशपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** लखनऊ- वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित आरएल ढाबा के पास शुक्रवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा रात करीब आठ बजे उस समय हुआ, जब दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। मृतकों की पहचान पंडित का पुरवा मौजा मुबारकपुर निवासी गौतम (40)पुत्र राम भरोसे और आशाराम (35)के रूप में हुई है।

जानकारी के मुताबिक गौतम अपनी बेटी मनीषा की शादी की तैयारियों में जुटे थे और किसी जरूरी काम से साथियों के साथ निकले थे इसी दौरान यह हादसा हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि गौतम और आशाराम गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को आनन-फानन में ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। दूसरी बाइक पर सवार डोमाहीह, जगदीशपुर निवासी बबलू उर्फ विनय और उनके साथी दुर्गेश पुत्र सूरज लाल निवासी पूरे मिश्रण मजरे बड़ौली भी घायल हुए हैं। बबलू का अस्पताल में इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही जगदीशपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र यादव ने बताया कि मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

बता दें कि गौतम के परिवार में सात बेटियां और एक बेटा है। उनकी बड़ी बेटी मनीषा की शादी की तैयारियां घर में चल रही थीं। परिवार में जहां शादी की खुशियां थीं, वहीं सड़क हादसे के बाद मौत से पूरा घर मातम में डूब गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# अमेठी की जनता को मिलेगी जाम से राहत

अरविन्द श्रीवास्तव, अमेठी

**अमृत विचार।** शहर की तंग सड़कों और रोजाना लगने वाले जाम से जूझ रहे लोगों के लिए राहत की बड़ी खबर है। अमेठी रिंग रोड बाईपास फेज-दो का निर्माण तेजी से अंतिम चरण में पहुंच गया है। करीब 283.86 करोड़ रुपये की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पूरा होते ही शहर के भीतर भारी वाहनों की आवाजाही लगभग बंद हो जाएगी और लोगों को घंटों के जाम से राहत मिलेगी।

गौरतलब है कि करीब 8.1 किलोमीटर लंबे और 45 मीटर चौड़े रिंग रोड का निर्माण शहर के बाहरी हिस्से से किया जा रहा है। परियोजना के लिए 36.45 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण का काम पहले ही पूरा हो चुका है। फेज-दो को फेज-एक से जोड़ने के लिए अमेठी-प्रतापगढ़ रेल मार्ग और सड़क मार्ग पर दो बड़े ओवरब्रिज बनाए जा रहे हैं। कार्यदायी संस्था ने दोनों आरओबी के पिलरों पर



निर्माणाधीन रिंग रोड का जारी कार्य। अमृत विचार

- रिंग रोड बाईपास फेज-दो का निर्माण कार्य अंतिम चरण में

गर्डर चढ़ाने का काम शुरू कर दिया है। एक गर्डर पूरी तरह तैयार हो चुका है, जबकि दूसरे की ढलाई जारी है। रेलवे ट्रैक पर बनने वाले ओवरब्रिज में लोहे के विशेष गर्डर लगाए जा रहे हैं, जिससे पुल की मजबूती और आयु बढ़ेगी। रेलवे के आईओडब्ल्यू शिवमूर्ति के अनुसार रेभा गांव स्थित आरओबी निर्माण अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है। रिंग रोड रायपुर फुलवारी, लोनियापुर, कटरा राजा हिम्मत सिंह, भरथीपुर, बिराहिमपुर, चचकापुर, रायदेपुर, मंधरपट्टी, रेभा, खेरौना और सरवनपुर गांवों से होकर गुजरेगा। परियोजना पूरी होने पर प्रतापगढ़, सुल्तानपुर और रायबरेली की ओर जाने वाले वाहन शहर में प्रवेश किए बिना सीधे बाहरी मार्ग से निकल सकेंगे। इससे करीब 2.50 लाख लोगों को फायदा मिलेगा, ईंधन की बचत होगी और बाजारों में यातायात दबाव भी घटेगा।

## गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

**शुकुल बाजार (अमेठी) अमृत विचार।** क्षेत्र के पूरे शुक्लन गांव में शुक्रवार को भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे और डीजे की धुन पर भव्य कलश यात्रा निकाली। श्रद्धालु "जय श्रीराम" के जयघोष के साथ शुकुल बाजार होते हुए रीछघाट स्थित गोमती तट पहुंचे। गोमती तट पर कथा वाचक निर्मेष महाराज ने विधि-विधान से कलश पूजन कराया। पूजन के बाद श्रद्धालु पुन: कथा स्थल लौट आए। यात्रा में महिलाओं, युवाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। ग्रामीण राम प्रसाद शुक्ला ने बताया कि कथा कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रवासियों के सामूहिक सहयोग से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ 8 मई से 16 मई तक चलेगा, जबकि 17 मई को हवन-पूजन और विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। उन्होंने बताया कि कथा का आयोजन प्रतिदिन दो सत्रों में होगा। दिन में कथा दोपहर 3 :30 बजे से 5 :30 बजे तक तथा रात्रि में 7 :30 बजे से 10 :30 बजे तक आयोजित की जाएगी। कलश यात्रा में शामिल गिरीश शुक्ला, जय सिंह, अरुण शुक्ला, शोभनाथ दुबे, अभिषेक शुक्ला (विधायक), महेश दुबे, त्रिभुवन यादव, शिव प्रसाद शुक्ला, संदीप शुक्ला, सर्वेश शुक्ला, आवेश शुक्ला और कुलदीप शुक्ला समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## कलश यात्रा से वातावरण हुआ भक्तिमय



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

**संग्रामपुर (अमेठी) अमृत विचार।** विकास खंड संग्रामपुर क्षेत्र के मल्लूपुर स्थित कालिकन धाम में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का शुभारंभ गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। धार्मिक उत्साह और भक्तिमय माहौल में निकली कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। गाजे-बाजे, भजन-कीर्तन और जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया।कथा के पीठाधीश्वर श्री महाराज ने बताया कि कलश यात्रा सकारात्मक ऊर्जा, वातावरण की शुद्धि तथा सनातन धर्म के प्रति आस्था जागृत करने का प्रतीक होती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान भागदौड़ भरे जीवन में आध्यात्मिक कार्यक्रम लोगों को मानसिक शांति और धर्म के प्रति जुड़ाव प्रदान करते हैं। इस अवसर पर कांग्रेसी नेता राजीव सिंह कसारा, सभाजीत शुक्ला, अमरेश शुक्ला, मुख्य यजमान राधेश्याम शुक्ला, महेंद्र पाण्डेय, रामयश प्रजापति सहित भारी संख्या में श्रद्धालु एवं महिलाएं मौजूद रहीं।

# मनरेगा में गड़बड़ी पर जांच शुरू

खीरों (रायबरेली)

**अमृत विचार।** खीरों विकास खंड की कई ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्यों में श्रम एवं सामग्री मद के 60:40 अनुपात के पालन में अनियमितता सामने आने पर प्रशासन हरकत में आ गया है। भाजपा नेता व प्रांतीय परिषद सदस्य जंगबहादुर सिंह ने जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि बीडीओ खीरों द्वारा कई ग्राम पंचायतों के एफटीओ और बिल-वाउचर एमआईएस से डिलीट करा दिए गए, जिससे लगभग 35 ग्राम पंचायतों के विकास कार्य बाधित हो गए हैं। शिकायत में कहा गया कि जिन ग्राम पंचायतों में 60:40 अनुपात सही था, वहां भी भुगतान लंबित रखा गया, जबकि कुछ पंचायतों में नियमों की अनदेखी कर सामग्री मद का अधिक भुगतान कर दिया गया। आरोप है कि बाद में बनाए गए एफटीओ के जरिए मनमाने ढंग से भुगतान कर भ्रष्टाचार किया गया।

मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम और सीडीओ ने उपायुक्त श्रम-रोजगार (डीसी मनरेगा) को तत्काल जांच के निर्देश दिए। गुरुवार शाम डीसी मनरेगा ब्लॉक मुख्यालय खीरों पहुंचे और देर रात तक अभिलेखों की जांच की। जांच के दौरान कर्मचारियों में खलबली मची रही। बीडीओ खीरों शिवकुमार ने लिखित स्पष्टीकरण में कहा कि ब्लॉक स्तर पर 60:40 अनुपात सही है, लेकिन एमआईएस फीडिंग में अनुपात अधिक दिखने के कारण 10 अप्रैल को सामग्री मद की 30.32 लाख रुपये की धनराशि एमआईएस से डिलीट की गई थी। इसे वित्तीय वर्ष 2026-27 में पुनः फीड कराया जाएगा।

# नेत्र शिविर में 109 मरीजों की जांच 25 ऑपरेशन के लिए चयनित

सिंहपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** इंदिरा गांधी चिकित्सालय मुंशीगंज अमेठी द्वारा शुक्रवार को जेहटा उसरहा गांव में मासिक नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर आंखों की जांच कराई। चिकित्सकों की टीम ने कुल 109 मरीजों का परीक्षण किया, जिसमें 25 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। वहीं 22 लोगों को नजर का चश्मा और आवश्यक दवाएं प्रदान की गईं। शिविर में डॉ. उत्कर्ष के नेतृत्व में कल्पनाथ यादव, पूनम, अंशू, ज्योति, आभा और अशोक यादव ने मरीजों की जांच कर उचित परामर्श दिया। चिकित्सकों ने लोगों को आंखों की नियमित जांच कराने और समय पर उपचार लेने के प्रति जागरूक भी किया। कार्यक्रम के आयोजक गोपी चंद्र बाजपेई, अभिषेक बाजपेई, महादेव गुप्ता, उत्तम गुप्ता और पप्पू यादव मौजूद रहे।

**आयोजन** | श्री भगवती विद्यालय इंटर कॉलेज मुरारामऊ में बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया

# बेहतर प्रदर्शन पर मेधावियों को किया गया सम्मानित

सरेनी (रायबरेली)

**अमृत विचार।** श्री भगवती विद्यालय इंटर कॉलेज मुरारामऊ में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

विद्यालय द्वारा जारी सूची के अनुसार हाईस्कूल में यशवीर सिंह ने 600 में 537 अंक प्राप्त कर 89.50 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर रुद्र मिश्रा रहे, जिन्होंने 515 अंक प्राप्त कर 85.83 प्रतिशत अंक अर्जित किए। वहीं मो. युसुफ 444 अंक के साथ 74 प्रतिशत प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे। इंटरमीडिएट वर्ग में कोमल देवी ने 500 में 416 अंक प्राप्त कर 83.2 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर दिव्यांशी सविता रहीं,जिन्होंने 397 अंक प्राप्त कर 79.4 प्रतिशत अंक हासिल किए।तीसरे स्थान पर वैष्णवी सिंह ने 388 अंक प्राप्त कर 77.6 प्रतिशत अंक अर्जित किए, जबकि रागिनी ने 387 अंक के साथ 77.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।



हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मानित हुए मेधावी।

विद्यालय प्रबंधन के निर्वाचित प्रबंधक श्रीकांत तिवारी (महाराजपुर), उपप्रबंधक शशिकांत तिवारी (सरेनी), राजा साहब मुरारामऊ, प्रबंध समिति सदस्य अशोक त्रिवेदी ने कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। देवभूषण सिंह,प्रधान शशिकांत तिवारी (महाराजपुर), ट्रस्ट अध्यक्ष उमेश चंद्र तिवारी, अनूप मिश्र (समोधा) ,राम सजीवन यादव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य सतेंद्र कुमार ने सभी अतिथियों,अभिभावकों एवं सहकर्मियों का आभार व्यक्त किया।

### छात्र संसद का शपथ ग्रहण हुआ आयोजित

**लालगंज, अमृत विचार।** बरातीलाल गंगाराम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लालगंज में शुक्रवार को कन्या भारती एवं छात्र संसद शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। तहसीलदार लालगंज शिवम राठौड़ द्वारा छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई। बाल कल्याण समिति एवं विद्या मंदिर के अध्यक्ष अनंत पाण्डेय ने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ सभी प्रकार के जागरूकता के कार्यक्रम किए जाते हैं। कन्या भारती और छात्र संसद के गठन से विद्यार्थियों में भारत की सनातन परंपरा और लोकतंत्र की पहचान मजबूत होती है। इस अवसर पर प्रबंधक सचिन रस्तोगी, कोषाध्यक्ष सतीश त्रिवेदी, प्रधानाचार्य ओम प्रकाश पाण्डेय, छात्र संसद प्रमुख विद्याधर मिश्र एवं कन्या भारती प्रमुख विभा तिवारी, चंद्र प्रकाश पांडे आदि मौजूद रहे।



तहसीलदार का स्वागत करते आचार्य चंद्र प्रकाश पांडे।

## सरकारी भूमि पर लगे लाखों के यूकेलिप्टस के पेड़ काटे, शिकायत दर्ज

**महराजगंज (रायबरेली)।** तहसील क्षेत्र के पुरासी ग्राम सभा मे तालाब की भूमि पर लगे लाखों रुपए की कीमत के पेड़ रुपए की कीमत के सफेदा के पेड़ काटे जाने के मामले में वीडियो वायरल हुआ तो जिम्मेदारों में हलचल मच गई। मामले में गांव के ही चंद्रप्रकाश ने मामले की शिकायत राजस्व विभाग से की है। ग्राम सभा की सरकारी जमीन पर लगे यूकेलिप्टस के बड़े पैमाने पर पेड़ काटे जाने के मामले में हल्का लेखपाल संतोष यादव भी मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचे लेखपाल ने बताया कि तालाब की भूमि से 13 यूकेलिप्टस के पेड़ काटे गए हैं। लकड़ी को नीलाम करवाकर सरकारी खजाने में जमा कराया जाएगा। प्रधान प्रतिनिधि गंगा सागर पाण्डेय ने बताया कि गांव के ही रमाशंकर पाण्डेय द्वारा पेड़ों के बेचने की शिकायत चंद्र प्रकाश द्वारा की गई है।

## विश्व रेड क्रॉस दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित

**अमेठी, अमृत विचार।** विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा जनपद अमेठी में रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम रेड क्रॉस सोसाइटी की राज्य शाखा के सभापति एवं उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक तथा महासचिव रामानंद कटियार के निर्देशानुसार संपन्न हुए।




रक्तदान करता युवक व मौजूद सीएमओ।

संयुक्त जिला चिकित्सालय गौरीगंज में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने किया। इस मौके पर उन्होंने रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव धीरेन्द्र कुमार सिंह एवं सभी स्वयंसेवकों को विश्व रेड क्रॉस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए समाज सेवा और जनहित के कार्यों में उनकी सक्रिय भूमिका की सराहना की। शिविर में लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. विवेक, श्रवण कुमार, अभिषेक, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. दीपक सिंह, अरविंद त्रिपाठी एवं गौरव श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

